# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 9 जुलाई, 2025

तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री


10 पटेल चौक, जीई रोड पर यात्री बसों की अवैध पार्किंग, अब परमिट होंगे निरस्त





11 शिक्षकों की कमी से त्रस्त पालकों ने स्कूल में जड़ा ताला, पढ़ाई व्यवस्था ठप







# डीयू का पोर्टल हैक,आईबी की टीम पहुंची, सर्वर-डेटा का रिकार्ड साथ ले गई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग हेमचंद यूनिवर्सिटी की पोर्टल हैकिंग मामले की पड़ताल देश की सबसे बड़ी इंटेलिजेंस सर्विस एजेंसी आईबी कर रही है। मंगलवार को आईबी की टीम पहुंची। टीम के साथ दुर्ग साइब्रर क्राइम पुलिस भी पूरे समय मौजूद रही। पाकिस्तान हैंकरों की करतूत पर दुर्ग यूनिवर्सिटी ने मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एंड आईटी नईदिल्ली को सूचना दी थी। साइबर क्राइम दुर्ग पुलिस में भी अज्ञान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आईबी टीम ने सर्वर देखकर गई है और अपने साथ आवश्यक चीजें भी ले गई।

## पाकिस्तान हैंकरों की करतूत पर दुर्ग यूनिवर्सिटी ने मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एंड आईटी नई दिल्ली को दी सूचना पर कार्रवाई




### सीईआरटी- इन एक्सपर्ट भी कर रहे जांच

दुर्ग हेमचंद यूनिवर्सिटी की इस मामले में पाकिस्तानी हैंकरों द्वारा कबूलनामा के बाद यूनिवर्सिटी ने इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिसपांस टीम सीईआरीटी -इन को भी सूचना पहुंचाई है। यह सरकारी संगठन भारत की साइबर सुरक्षा घटनाओं से निपटती है। यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

### यूनिवर्सिटी ने किया रि-स्टोर्स डाटा, पोर्टल खुला

दुर्ग यूनिवर्सिटी ने अपना पोर्टल का डाटा रि-स्टोर्स कर दिया है और विद्यार्थियों के लिए फिर से खोल दिया है। हालांकि यूनिवर्सिटी प्रबंधन द्वारा आईबी की टीम को यह जानकारी दी गई है कि जिस पोर्टल को हैक किया गया था वह इंफरमेटिव है। यानी इसमें यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए बनाया गया है। जिसमें यूनिवसिटी की अन्य जानकारी अपलोड नहीं रहती। फिर भी इस मामले की गंभीरता से जांच के लिए आईबी की टीम जुट गई है।

### आऊट सोर्सिंग से चल रहा है पोर्टल

दुर्ग यूनिवर्सिटी ने प्रवेश पोर्टल आऊट सोर्सिंग से चलवा रहा है। अर्थर आईटी साल्वेशन को पोर्टल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यूनिवर्सिटी ने पोर्टल हैक करने की जानकारी ही मिली उसे यहां के टेक्नीकल एक्पर्ट से जांच करवाई है। जांच में नार्मल एक्टीविटीस की स्थिति बताई जा रही है।

**जांच शुरू**

“हमने सीईआरटी इन व मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एंड आईटी को पोर्टल हैंकिंग की सूचना दे दी है। साइब्रर क्राइम पुलिस में भी एफआईआर दर्ज करवा दिया है। जांच भी शुरू हो गई है।

- **डॉ.संजय तिवारी**, कुलपति, दुर्ग यूनिवर्सिटी







# उफान पर शिवनाथ दो दिन का रेड अलर्ट

शिवनाथ नदी किनारे की दुकानों तक पहुंचा पानी, नदी से सटे गांवों में अलर्ट जारी निचली बस्तियों में भरा बारिश का पानी

# महमरा एनीकट छलका, 24 घंटे में ही 92 मिमी बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

लगातार हो रही बारिश से पिछले 24 घंटे में ही दुर्ग जिले में 92.8 मिमी बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग ने दो दिन और यानी बुधवार और गुरुवार को भी भारी बारिश का एलर्ट जारी किया है। इधर मोंगरा और घूमरिया बैराज से शिवनाथ नदी में 56 हजार क्यूसेक पानी छोड़ दिया गया है। गोंगरा से 50 हजार और घूमिरया से 6 हजार क्यूसेक पानी आ रहा है। इससे शिवनाथ नदी ऊफान पर है। महमरा एनीकट के ऊपर 3 फीट पानी बह रहा है। इस रास्ते से आवागमन बंद करवा दिया गया है। प्रशासन ने नदी किनारे गांवों में एलर्ट करवाने के निर्देश दे दिए हैं। लगातार बारिश से ट्विनसिटी का जनजीवन पर भी असर पड़ा है। लोग अपने घरों में ही दुबके हैं। जरूरी काम से ही लोग घर से बाहर निकल रहे हैं। निचली बस्तियों में पानी भर गया है। नगर निगम का दस्ता नालियों में पानी निकासी की व्यवस्था में जुटे हुए हैं।




### इन निचली बस्तियों में भरा पानी

रिसाली निगम क्षेत्र के स्टेशन मरोदा, नेवई बस्ती, जोरातराई, पुरैना, बीआरपी कालोनी, शंकरपारा, सूर्यानगर, दुर्ग के शंकरनगर, गयानगर, शांति पारा,बोरसी, मधुबन नगर, भिलाई के छावनी, बैकुंठधाम, कैंप क्षेत्र, फोकटपारा आदि क्षेत्रों में बारिश का पानी लोगों के घरों तक पहुंच गया है। जिसे व्यवस्थित करने में लोग पूरे दिन मशक्कत करते रहे।

### अब तक 210.3 मिमी बारिश , दुर्ग में सबसे ज्यादा

दुर्ग जिले में एक जून से अब तक 210.3 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। पिछले साल यानी वर्ष 2024 में 279.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी। मौसम विभाग के मुताबिक केवल 25 प्रतिशत डिफियेंस कम है। जिले में मौसम विभाग ने पांच तहसील कार्यालयों में वर्षा मापक यंत्र लगाए हैं। जिसके हिसाब से दुर्ग तहसील में सबसे ज्यादा 82.6 मिलीमीटर बारिश हुई है। अहिवारा में 81.3 मिलीमीटर, भिलाई में 31.4 मिलीमीटर, बोरी में 45 मिलीमीटर, धमधा में 48.4 मिलीमीटर और पाटन में 54 मिलीमीटर वर्षा हुई है।

### दो दिन की बारिश से जिले के सबसे बड़े तांदुला जलाशय में 2 एमसीएम पानी बढ़ा

ताढुंला जलाशय से ही दुर्ग भिलाई सहित जिलेवासियों को पानी मिलता है। सोमवार व मंगलवार को हुई बारिश में तांदुला जलाशय में 2 एमसीएम पानी का जलभराव बढ़ा है। पहले 10 एमसीएम जलभराव था जो मंगलवार की शाम 5 बजे तक 12 एमसीएम जा पहुंचा। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक पानी का फ्लो लगातार बढ़ रहा है। पिछले साल तादुला जलाशय में इस तिथि को 10.80 प्रतिशत जलभराव था। इन दिनों 20.45 प्रतिशत जलभराव हो चुका है।

### नहीं मिलेगा आज सुबह पानी

शिवनाथ इंटकवेल में जलकुंभी आने के कारण हर घंटे सायफन चोक हो रहा है, जिसके कारण पानी पंपिंग नहीं हो पा रहा है। जिससे जलशोधन संयंत्र से पानी टंकी में सप्लाई प्रभावित है कल सुबह सभी क्षेत्र में जलप्रदाय प्रभावित रहेगा। रात मे टंकियों को भरने का प्रयास किया जा रहा है सुबह पानी नहीं मिलने पर शाम तक पानी सप्लाई किया जाएगा ।

### जिले तहसीलवार बारिश

| | |
|---|---|
| दुर्ग | - 82.6 मिलीमीटर |
| अहिवारा | - 81.3 मिलीमीटर |
| भिलाई | - 31.4 मिलीमीटर |
| बोरी | - 45 मिलीमीटर |
| धमधा | - 48.4 मिलीमीटर |
| पाटन | - 54 मिलीमीटर |

### ये द्रोणिकाएं प्रभावी

छत्तीसगढ़ लालपुर मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर भतिण्डा, रोहतक, कानपुर, डाल्टनगंज, गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर स्थित निम्न दाब के केंद्र और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक, 0. 9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से से गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर स्थित निम्न दाब के केंद्र तक, गुजरात, उत्तर मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ, छत्तीसगढ़, दक्षिण उड़ीसा होते हुए 4.5 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### “ अगले दो दिन और बारिश की चेतावनी

गंगीय पश्चिम बंगाल पर कम दबाव प्रणाली के प्रभाव और सक्रिय मानसून की स्थिति की वजह से आने वाले दो दिनों में भारी बारिश की संभावना है। भारी बारिश का क्षेत्र मध्य छत्तीसगढ़ के जिले रहेंगे। - **एचपी चंद्रा**, मौसम विज्ञानी, लालपुर विज्ञान केंद्र छग

### “ जिले के सभी स्कूलों में भी अलर्ट जारी

हमने सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है कि जो भी बाढ़ प्रभावित स्कूल हैं तो उसकी जानकारी भेजें। जो भवन बारिश से क्षतिग्रस्त हो वहां बच्चों का न बिठाएं। - **अरविंद कुमार मिश्रा**, जिला शिक्षा अधिकारी

### “ बढ़ रहा है शिवनाथ का जलस्तर

शिवनाथ नदी में घूमरिया व मोंगरा बैराज से 56 हजार क्यूसेक पानी आ रहा है। इसलिए महमरा एनीकट 3 फीट ऊपर चल रहा है। लोगों को आवाजाही के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। - **डीएन शुक्ला**, एसडीओ, जलसंसाधन दुर्ग

# क्रिप्टो करेंसी का झांसा देकर 62.78 लाख की ठगी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



फर्जी वाटस्टअप और टेलीग्राम ग्रुप बनाकर क्रिप्टो करेंसी में लाभ का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पंजाब से गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि पद्मनाभपुर निवासी डॉ. बसंत वर्मा के मोबाइल पर आरोपियों ने वाट्सएप, टेलीग्राम के माध्यम से फरवरी 2024 से अप्रेल 2024 के बीच क्रिप्टो करेंसी में लाभ दिलाने का झांसा देकर बैंक खातो में पीड़ित से 62 लाख 78 हजार 187 रुपए का ठगी किया। पता चला कि आरोपी साहिल कुमार के एसबीआई खाता में 14 लाख 10 हजार रुपए ट्रांसफर होना पाया गया। उसकी आरोपी को लेकर टीम पंजाब रवाना हुई, सायबर सेल की मदद से जिला मंशा थाना शार्दुलगढ़ से दो आरोपी साहिल कुमार और राकेश कुमार को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमाण्ड पर भिलाई लाया गया है। आरोपियो से पूछताछ करने पर बताया कि प्रकरण में संदीप यादव आलू का थोक व्यवसाय का काम करता है। गिरफ्तार आरोपियों के साथ मिलकर साजिश रची कि क्रिप्टो करेंसी में लाभ का झांसा देकर ठगी किया। आरोपी संदीप यादव दोनो पैरो से दिव्यांक होने से आरोपी को नोटिस देकर न्यायालय में उपस्थित होने की हिदायत दिया।

- पंजाब से पुलिस ने दो को पकड़ा, पदमनाभपुरथाना क्षेत्र की घटना


**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301



सस्ता सस्ता सस्ता

न्यु ओम ज्वेलर्स

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री






916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध आज ही पधारें

सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है

- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग


### साउथ बिहार चलेगी परिवर्तित मार्ग से

**भिलाई।** रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के गामहारिया -आदित्यपुर सेक्शन अप एवं डाउन लाइन में ट्रैक रिलेइंग ट्रेन मशीन द्वारा आधुनिकीकरण का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य 15 जुलाई से 04 अक्टूबर तक किया जाना है।। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

# लावारिस हाल में मिली गैंगस्टर दीपक नेपाली की लग्जरी कार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

गैंगस्टर फरार आरोपी दीपक कुमार सिंह उर्फ दीपक नेपाली जिस कार को चलवाया करता था। लावारिस हालत में पेट्रोल पंप में मिली है। पुलिस ने कार को जब्त कर थाने लेकर आई है। एएसपी एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि टाउन पेट्रोलिंग के दौरान गौरव



पथ स्थित पेट्रोल पंप में ऑडी वाहन डी.एल-1 सी.एस 6642,पजेरो वाहन डीएल 1 सी.क्यु 1303 लावारिस हालत में खड़ी थी। वाहन को लेकर पेट्रोल पंप वालो से पूछताछ करने पर बताया गया कि शुभम यादव उक्त वाहनो में डीजल डलवाता है, जो संभवतः फरार है। पुलिस दीपक नेपाली से कार को संबंध को लेकर जांच कर रही है। गौरतलब हो कि गैंगस्टर दीपक नेपाली घटना के बाद से फरार चल रहा है। इसके पकड़ने व सूचना देने वालों को पुलिस नगद तीन हजार रुपए पुरस्कार देने की घोषणा भी किया है। इसके अलावा दीपक नेपाली का पोस्टर जगह-जगह चिपकाया गया है। गैंगस्टर दीुक नेपाली पुलिस पकड़ से बाहर है। जिसकी तलाश में पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है. इसके अलावा इसके परिजनों के भी संपत्ति का ब्यौरा पुलिस ले रही है। जल्द इसके खिलाफ पुलिस का बड़ा एक्शन देखने को मिलेगा। वहीं कार में डीजल डलवाने वाले शुभम यादव की तलाश में पुलिस है।

## खुर्सीपार वार्ड 51 से शराब दुकान हटाने का प्रस्ताव निरस्त

# स्केटिंग ट्रैक व मिनी स्टेडियम दुकानों की नीलामी को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में आहूत की गई। बैठक में स्केटिंग ट्रैक निर्माण, उद्यानों का रखरखाव, रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण निविदा, खुर्सीपार मिनी स्टेडियम की दुकानों की नीलामी के प्रस्ताव सहित 7 एजेंडे को मंजूरी दे दी गई है। एक एजेंडा आबकारी विभाग दुर्ग के मांग पर जोन 04, वार्ड -51 स्थित मिनी स्टेडियम के भूतल में विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान खुर्सीपार को स्थानांतरित किये जाने का प्रकरण रखा गया था जिसे महापौर परिषद् द्वारा निरस्त किया गया।



### प्रियदर्शनी परिसर में ट्रैक निर्माण

जोन क्रं. 01 प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में स्केटिंग ट्रैक निर्माण कार्य हेतु निविदा बुलाई गई थी, जिसमें 3 एजेंसियों ने भाग लिया। उक्त निविदा में एक एजेंसी अपात्र होने पश्चात शेष 2 एजेंसी में न्यूनतम दरदाता से संविदा निष्पादन कर कार्यादेश दिये जाने की अनुमति सर्व सम्मति से पारित किया गया। पांचवे चरण में निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में रिक्त आवासीय, व्यवसायिक, आवास सह व्यवसायिक भू-खण्डों के अंतरण के संबंध में निविदा को स्वीकृत करते हुए उक्त निविदा निरस्त करने की सहमति प्रदान की गई।

### उद्यानों का रखरखाव

उद्यानों का संचालन/संधारण एवं रखरखाव कार्य निःशुल्क दिये जाने रूचि की अभिव्यक्ति ऑफर आमंत्रित किया गया था। जिसमें 9 ऑफर दाताओं द्वारा भाग लिया गया। एक ऑफरदाता का दस्तावेज सही नहीं पाये जाने के कारण अपात्र करते हुए शेष 8 ऑफरदाताओं को उद्यानों के निःशुल्क संचालन/संधारण एवं रखरखाव में दिये जाने महापौर परिषद के सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की।

### रेनवाटर हार्वेस्टिंग निविदा

विद्यालय प्रागंण के भीतर निर्मित महिलाओं का छात्रावास एवं निर्माणाधीन सामुदायिक भवनों को विद्यालय में सम्मिलित प्रदान करने। वर्षा जल संरक्षण शासकीय, अर्द्धशासकीय, निजी संस्थाओं के आवासीय/व्यवसायिक भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किये जाने निविदि आमंत्रित किया गया था, जिसमे 4 एजेंसियों द्वारा भाग लिया गया। जिसमें मेसर्स छ.ग. जल संजीवन केन्द्र द्वारा न्यूनतम दर प्रस्तुत किया गया है। उक्त एजेंसी से संविदा निष्पादन कर कार्यादेश हेतु उक्त प्रकरण को सर्व सम्मति से पारित किया गया। जोन 4 खुर्सीपार अंतर्गत निर्मित मिनी स्टेडियम के दुकानों के नीलामी के संबंध में महापौर परिषद के सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

BHILAI | DHANORA

- ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
- FITTER 2 Year (10th Pass)
- C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444

अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### बाढ़ प्रभावितों के लिए वार्ड 55 में भवन का चयन

दुर्ग। शिवनाथ नदी स्थित रहवासियों से महापौर अलका बाघमार ने एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, निलेश अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, आरके जैन, शोएब अहमद के साथ शिवनाथ नदी ओवरब्रिज के पास रहने वालों से कहा कि शहर में लगातार हो रही बारिश एवं मोंगरा बैराग जलाशय से पानी शिवनाथ नदी में छोड़ा जा रहा हैं। जिससे नदी के आस पास दुकान क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई हैं बाढ़ एवं बारिश से प्रभावित लोगों के ठहरने के लिए निगम द्वारा वार्डों में स्थित समुदायिक एवं सांस्कृतिक भवनों का चयन किया गया हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ एवं बारिश से प्रभावित लोगों से चयनित स्थान में सुरक्षित पर आकर रहे।

### रोजगार पंजीयन को आधार से लिंक कराना अनिवार्य

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार अगस्त 2025 तक रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक कराना अनिवार्य कर दिया गया है। यह उन आवेदकों पर लागू होता है, जिन्होंने वर्ष 2024 से पूर्व रोजगार कार्यालय में पंजीयन कराया था। रोजगार पंजीयन कराने या अपने पुराने पंजीयन को आधार से लिंक कराने के लिए आवेदक वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इच्छुक अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग में समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों एवं आधार कार्ड के साथ कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक करा सकते हैं।

### नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज



दुर्ग। लायंस क्लब दुर्ग मिडटाउन के प्रहलाद रुंगटा दूसरी बार अध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा सचिव नवीन जैन, कोषाध्यक्ष हरिंदर भाटिया एवं अन्य पदाधिकारी चुने गए है। लायंस क्लब दुर्ग मिडटाउन की नई कार्यकारिणी आज 9 जुलाई को शाम 7 बजे पुलगांव शिवनाथ नदी रोड स्थित होटल वृंदावन में शपथ ग्रहण करेगी। उन्हें शपथ अधिकारी द्वितीय वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पवन मलिक द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रथम वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ रिपुदमन सिंह पुसरी होंगे। विशिष्ट अतिथि रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ राजकुमार शर्मा, जोन चेयरपर्सन सुमन पांडेय मौजूद रहेंगे। शपथ ग्रहण समारोह के कार्यक्रम प्रभारी अरविंद खंडेलवाल की देखरेख में आयोजन की तैयारी की गई है।

### कवर्धा घटना का कर्मचारी फेडरेशन ने किया विरोध

दुर्ग। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर दुर्ग जिले में भी कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा द्वारा मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री. गृह मंत्री व मुख्य सचिव के नाम विरोध ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार एवं अपमानजनक कृत्य के लिए उन्हें हटाने निष्पक्ष जांच की मांग की है। सौपने वालों मे फेडरेशन के राजेश चटर्जी, जिला संयोजक विजय लहरे, प्रवक्ता अनुरूप साहू, प्रदीप चौहान, मनीष तिवारी, भानु प्रताप यादव आदि शामिल हैं।

# पुलगांव नाला की जलकुंभी इंटकवेल में फंसने से पेयजल आपूर्ति में हुआ असर

## महापौर ने निरीक्षण कर स्थाई हल के लिए वैकल्पिक प्लान बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विगत दो दिनों से लगातार हो रही है बारिश के चलते नदी नाले उफान पर हैं और शिवनाथ नदी में आई बाढ़ व पुलगांव नाला का जलस्तर बढ़ने से नाले में जमे जलकुंभी व झिल्ली पन्नी नदी इंटकवेल में फंस रही है। इसका असर अब पेयजल सप्लाई में भी होने लगी है, किंतु निगम के जलगृह विभाग द्वारा कर्मचारी लगाकर संप में फंस रहे कचरे को लगातार साफ कराई जा रही है।

वही जानकारी मिलने पर नगर निगम महापौरअलका बाघमार ने शिवनाथ नदी का निरीक्षण करने पहुंची और नाले किनारे स्थापित 24 व 42 एमएलडी इंटकवेल में हर वर्ष बरसात के दिनों में नाले के कचरे फंसने के कारण पेयजल प्रभावित होने से रोकने वैकल्पिक प्लान बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

इस दौरान जलगृह विभाग प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन, वित्त विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे, महिला बाल विकास प्रभारी शशि साहू, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, डॉ देवनारायण तांडी, पार्षद गोविंद देवांगन, जल विभाग अभियंता मोहित मरकाम, विनोद मांझी, जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर मौजूद थे।



### मोगरा बैराज से छोड़ा गया पानी

लगातार बारिश व मोगरा बैराज से पचास हजार क्यूसेक पानी छोड़ने से शिवनाथ नदी माहमरा एनीकेट में तीन फीट से अधिक पानी चढ़ गया है और इधर पुलगांव नाला में भी जल स्तर बढ़ने से उसमें जमे गाद के साथ जलकुंभी व कचरा बहकर शिवनाथ नदी के किनारे स्थित नगर निगम के 24 व 42 एमएलडी इंटकवेल में बार-बार फंस रही है, जिसे साफ करने कर्मचारी लगातार मशक्कत कर रहे है किंतु इसका सीधा असर अब शहर में जलापूर्ति पर हो रही है क्योंकि संप का मोटर पम्प बार बार बंद होने से फिल्टर प्लांट तक पानी पहुंचने में दिक्कत होने लगी है। यह समस्या अक्सर बरसात के दिनों में होती है इसे देखते हुए महापौर अलका बाघमार ने बरसो पहले नाला किनारे बनाए गए इंटकवेल को नदी के प्रवाह क्षेत्र में स्थापित करने वैकल्पिक प्रस्ताव के लिए प्लान बनाने निर्देश दिए हैं। वहीं शहर की जनता से उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखने की दृष्टि से बरसात के दिनों में पानी उबाल कर पीने की अपील की है।

## ननि आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को लिखा पत्र

# पटेल चौक, जीई रोड पर यात्री बसों की अवैध पार्किंग, अब परमिट होंगे निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर की प्रमुख सड़कों और व्यस्ततम मार्गों पर यात्री बसों की पार्किंग से ट्रैफिक जाम की समस्या खड़ी हो गई है। इसे लेकर लगातार शिकायत के बाद भी बस संचालक इसे गंभीरता से नहीं ले रही है। इसके कारण पटेल चौक के पास दवे पेट्रोल पंप किनारे, जीई रोड, बस स्टैंड, हनुमान मंदिर के सामने, मालवीय नगर चौक, रविशंकर स्टेडियम मार्ग, पुलगांव नाला, महेश कॉलोनी सड़क सहित अन्य जगहों पर यात्री बसों को बेतरतीब ढंग से खड़े आसानी से देखा जा सकता है। इसे लेकर निगम ने अब कार्रवाई की तैयारी की है।

दुर्ग निगम ने आरटीओ को पत्र लिखकर ऐसी बसों के संचालकों को नोटिस जारी करने अन्यथा परमिट निरस्त करने की प्रक्रिया करने की सिफारिश की है। बता दें कि शहर के विस्तार के साथ ही यात्री बसों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। दुर्ग में दुर्ग रोडवेज और पटेल चौक स्थित पायल ट्रैवल्स की बसें बेतरतीब ढंग से खड़ी रहती हैं। दोनों ही जगहों पर डिपो है। बावजूद इसके वाहनों को सड़क पर खड़े कर दिया जाता है, जिससे परेशानी बढ़.जाती है। बढ़ती ट्रैफिक की समस्या को देखते हुए सात साल पहले शहर में नए बस स्टैंड की कवायद भी शुरू की गई थी। पोटिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड के करीब नए बस स्टैंड की कार्ययोजना बनाई गई थी। वहीं एक और नया बस स्टैंड अंजोरा-नेहरूनगर बायपास रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर के लिए सिटी बस के वर्तमान डिपो में तैयार किया जाना था, लेकिन दोनों ही जगहों पर बस स्टैंड का काम शुरू ही नहीं हो पाया।

## बेतरतीब ढंग से खड़ी गाड़ियों से बढ़ा दुर्घटना का खतरा



### दो नए बस स्टैंड की कार्ययोजना, लेकिन काम अब तक शुरू नहीं

जानकारी के मुताबिक बाहर से आने वाली यात्री बसों के लिए निगम ने दो नए बस स्टैंड बनाने की तैयारी की थी। ताकि इन बसों को शहर के अंदर प्रवेश की जरुरत न हो। इसमें नागपुर, जबलपुर, अमरावती, पुणे, बनारस, सरगुजा, अंबिकापुर जैसे मार्गों की बसों को ठहरने की व्यवस्था दी जाने की योजना थी। इसे लेकर तैयारी भी निगम ने शुरू कर दी गई थी। निगम के तरफ से नजूल विभाग से पोटिया में करीब 35 एकड़ व ट्रांसपोर्ट नगर के करीब 22 एकड़ की जगह के लिए पत्र व्यवहार भी किया। शहर में तीन बस स्टैंड हो जाने से रहवासियों को भी सुविधा की बात कही, लेकिन योजना की फाइल आगे ही नहीं बढ़ी। सिटी बसों का परिचालन बंद हो गया, जिस वजह से ट्रांसपोर्ट नगर स्टैंड की योजना ठप पड़ गई।

### लोकल बसों का परिचालन वर्तमान बस स्टैंड से ही किया जा रहा

दोनों जगहों के लिए निगम के तरफ से करीब 6-6 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसमें पोटिया ट्रेंचिंग ग्राउंड व बायपास के करीब ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सिटी बस डिपो में बस स्टैंड विकसित किया जाएगा। इसके अलावा लोकल यात्री बसों का परिचालन वर्तमान में संचालित बस स्टैंड से ही होगी। इसे लेकर पिछले दिनों सड़क यातायात सुरक्षा समिति की बैठक में निर्णय लिया गया था। वर्तमान में दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव के अलावा लंबी दूरी की सारी बसों का ठहराव नया बस स्टैंड में ही हो रहा है। इस वजह से बसों का दबाव बना हुआ है।

### आयुक्त ने बेतरतीब खड़े होने वाली बसों की जानकारी आरटीओ को दी

शहर के मुख्य मार्गों में पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास, राजेन्द्र पार्क चौक के पास, मानस भवन के पास तथा गंजपारा से शिवनाथ नदी रोड में कुछ बस संचालकों द्वारा अघोषित रूप से बस पार्किंग बना लिया गया है, जिसके कारण यातायात बाधित होता है। बसों के खड़े रहने के कारण अन्य वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी हुई है। साथ ही नियमित रूप से उन बसों की धुलाई, साफ सफाई इत्यादि भी उनके द्वारा की जाती है, जिससे गंदगी व कचरा उत्पन्न हो रहा है। पूर्व मे अनेक बार बस संचालकों को समझाईश दी जा चुकी है। जुर्माना भी लगाया गया है, किन्तु कोई असर नहीं हो रहा है। नियमित रूप से अघोषित पार्किंग बनाकर मुख्य मार्गों में बस खड़ी की जा रही है। दुर्ग नगर पालिका निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने पत्राचार करते हुए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से कहा कि उक्त बस संचालकों के बसों के परमिट निरस्त करने की कार्रवाई की तैयारी की है।

# संविधान रैली में शामिल हुए दुर्ग के कांग्रेस कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित जय किसान, जय जवान और जय संविधान रैली में दुर्ग के कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यकर्ता पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में अलग-अलग समूहों में मंगलवार की सुबह रायपुर के लिए रवाना हुए।बाकलीवाल ने कहा कि रैली केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों, किसानों के अधिकारों, जवानों के सम्मान और संविधान की रक्षा के लिए एक सशक्त जनसंदेश बनकर उभरी। भारी बारिश के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं बड़ी संख्या में पटेल चौक, इंदिरा मार्केट, गांधी पुतला, बस स्टैंड, पद्मनाभपुर, शहीद चौक सहित अन्य जगहों पर एकत्रित हुए, जहां से वाहनों में बैठकर वे रायपुर के लिए रवाना हुआ। रायपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जनसभा को संबोधित किया। दुर्ग से शामिल कार्यकर्ताओं में दुर्ग निगम के नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, प्रेमलता साहू, दीपक साहू, अल्ताफ अहमद, ज्ञानदास बंजारे, भोला महोबिया, मनीष बघेल, मंदीप भाटिया, सुशील भारद्वाज, निकिता मिलिंद, गौरव उमरे, आयुष शर्मा, चिराग शर्मा, भास्कर कुंडले, पोषण साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## रामदेव बाबा दरबार में 10 को गुरु पूर्णिमा महोत्सव

दुर्ग । पुलगांव नाका नवकार परिसर स्थित श्री रामदेव बाबा दरबार में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरुदेव सोहनलाल बापजी (चालीसगांव महाराष्ट्र) का गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 10 बजे गुरुदेव जी की महाआरती की जाएगी। तत्पश्चात प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा गुरुदेव के जीवन पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर में महाप्रसादी (भंडारा) का वितरण किया जाएगा। यह समस्त धार्मिक कार्यक्रम गुरुदेव सोहनलाल बापजी की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी के सानिध्य में आयोजित किए गए है। श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर समिति के प्रमुख रमेश कुमार जैन व पायल जैन द्वारा श्रद्धालुओं से समस्त धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

# जिला स्तरीय वृक्षारोपण समिति की बैठक में चिन्हित भूमि पर पौधरोपण के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला स्तरीय वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान की गति में तेजी लाने पर जोर दिया गया। बैठक में एजेंडावार इको क्लब फॉर मिशन लाइफ का गठन एवं गठन संबंधी नोटिफिकेशन को शाला के सूचना पटल पर प्रदर्शित करते हुए पोर्टल पर अपलोड कराने, जिले के सभी स्कूलों को इको क्लब फॉर मिशन लाइफ पोर्टल में लिंक के माध्यम से पंजीयन कराने, पोर्टल पर विद्यालय का पंजीयन पश्चात फोटो अपलोड कराने तथा शाला परिसर में स्थान की कमी होने की स्थिति में समुदाय एवं पंचायत के साथ मिलकर सड़क के दोनों किनारों पर छायादार पौधे लगाने, पंचायत द्वारा इस अभियान के लिए तय की गयी भूमि, बाग-बगीचे, तालाब के किनारे, नगर वन क्षेत्र, स्मार्ट सिटी योजना, ग्रीनबेल्ट, जल संधारण हेतु निर्धारित क्षेत्र, अमृत सरोवर, नहर के किनारों पर वृक्षारोपण एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल, तीर्थ स्थल आदि में वृक्षारोपण पर चर्चा की गई।

अभियान हेतु सभी विभागों से सामूहिक जिम्मेदारी के साथ आवश्यक सहयोग करने की अपेक्षा की गई हैए ताकि यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले सकें। विभागों से अपेक्षित सहयोग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, विद्यालयों के समीप खाली शासकीय भूमि का चिन्हांकन सहित पोषण वाटिका की स्थापना एवं बच्चों को पौधे के संरक्षण हेतु प्रेरित करना है।

# गुरु पूर्णिमा पर श्री साई मंदिर में भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सिविल लाईन कसारीडीह स्थित श्री साईबाबा मंदिर में गुरु पूर्णिमा का पर्व 10 जुलाई को श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 7 बजे श्री साई बाबा का महाभिषेक, आरती, हवन-पूजन पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। यह समस्त धार्मिक अनुष्ठान मंदिर के मुख्य पंडित कैलाश चंद्र तिवारी के सानिध्य में संपन्न होगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए श्री साई मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ एवं सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर्व पर मंदिर में दोपहर से देर रात तक भजनों की धूम मचेगी। साई महिला भजन मंडली द्वारा दोपहर 3 बजे भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। संध्या 7 बजे श्री साई बाबा के आरती उपरांत भजन सम्राट अंकित तिवारी एवं साथी भजनों की की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। श्री साई बाबा मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं सचिव चंदेल ने समस्त धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं से शामिल होकर पुण्यलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

- भजन गायक अंकित तिवारी देंगे भजन की प्रस्तुति

# घरों में लगे कूलर व टायरों में डेंगू के लार्वा की जांच शुरू, मेयर ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

डेंगू के रोकथाम को लेकर मेयर अलका बाघमार ने मुहिम तेज की है। इस संदर्भ में वार्ड 55 पुलगांव बस्ती क्षेत्र का निरीक्षण किया। महापौर ने एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल, पार्षद देवनारायण तांडी, गोविंद देवांगन, पार्षद अश्वनी निषाद के साथ घरों व दुकानों में लगे कूलर एवं दुकानों पर रखे टायरों की जांच कर लोगों से घर या आस पास पानी जमा न होने देने की अपील की।

- मच्छरदानी लगाकर सोने की दी सलाह

साथ ही नागरिकों से मिलकर उन्हें घर के गमलों, टंकियों इत्यादि में पानी न जमा होने देने को लेकर जागरूक किया एवं घरों में टायर, कूलर इत्यादि को सुखाकर हटाए जाने को लेकर अपील की। उन्होंने कहा कि डेंगू के लार्वा का प्रसार स्वच्छ ठहरे हुए जल एवं बारिश के जल भराव वाले क्षेत्रों में होता है। जिससे बचाव के लिए लोगों के बीच जनजागरूकता के साथ ही स्वच्छता विभाग की ओर से सफाई व्यवस्था बनाये रखने की आवश्यकता होती है।



निरीक्षण के दौरान मेयर श्रीमती बाघमार ने नालियों में ऑयल छिडक़ाव, केमिकल छिडक़ाव, सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मेयर ने कहा कि लोगों को डेंगू व मलेरिया से बचने के लिए मच्छरदानी लगाकर सोने की सलाह दी।

## संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने जिले के निकायों की ली समीक्षा बैठक

# जलभराव की स्थिति पर रखें नजर, वाटर हार्वेस्टिंग पर हो काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जिला प्रमुख अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा है कि जिले के सभी नगरीय निकायों में बारिश से उत्पन्न जल भराव की स्थिति पर अधिकारी नजर रखें। आगामी दिनों में अत्यधिक वर्षा को ध्यान में रखते हुए राहत कैंप के लिए स्थान चयन कर लिया जाये। नगर निगम दुर्ग, भिलाई, भिलाई 03-चरोदा और रिसाली अंतर्गत बनाए गए अटल आवास, नये आवास में आवश्यक व्यवस्था कर लोगों को शिफ्ट कराए।

- राहत कैंप के लिए स्थान का चयन करने के निर्देश

उन्होंने कहा कि वर्षा की पानी को संरक्षित रखने सभी शासकीय कार्यालयों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम प्राथमिकता के साथ बनाई जाये। जनहित के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य एजेंसी विभाग नये भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अधिकारी बारिश के मौसम में विभागों को प्राप्त लक्ष्य के मुताबिक वृक्षारोपण भी करायें। उन्होंने वनमण्डलाधिकारी को जिले में वन की प्रतिशत बढ़ाने कारगर पहल कर जिले को वनाच्छादित बनाने के निर्देश दिये। सभी एसडीएम छोटे, बड़े झाड़ के जंगल क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर वृक्षारोपण करायें। पीडब्ल्यूडी, पीएमजेएसवाय, सीएमजेएसवाय सड़कों के किनारे वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाये। धान खरीदी एवं संग्रहण केन्द्रों के बाउंड्री में भी पौधरोपण किया जाये।

### मौसमी बीमारी के लिए दवाईयों की उपलब्धता हो

संभागायुक्त श्री राठौर ने कहा कि नये कानून के तहत जेल परिसर, जिला अस्पताल, तहसील एवं एसडीएम ऑफिस में वीडियो कांफ्रेंसिंग व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। वर्षा जनित मौसमी बीमारी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी प्रकार की आवश्यक दवाइयां की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। पीएचई विभाग द्वारा सभी हैण्डपम्पों का क्लोरीनेशन किया जाये। शासकीय मद से निर्मित भवनों का सदुपयोग हो, निर्माण कार्य एजेंसी विभाग नये भवनों को संबंधित विभागों को हैंडओवर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि शासकीय कार्यालयों में अनुशासन झलकना चाहिए।



### कलेक्टर ने विभागीय समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा की

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने विभागीय समय-सीमा प्रकरणों के विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निराकृत प्रकरणों को विलोपित करने अधिकारी फाइल प्रस्तुत करें। शासन के निर्देशानुसार कार्यालयों में लम्बे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध विभाग द्वारा कार्यवाही की जाये। स्कूली बच्चों के आधार अपडेशन हेतु स्कूलों में आधार शिविर लगाई जाये। कलेक्टर ने कहा कि जिले में लखपति दीदी अंतर्गत हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से जोड़ने कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन, श्रम एवं ग्रामोद्योग विभाग दिये गये लक्ष्य अनुसार प्रकरण स्वीकृत कर हितग्राहियों को लाभान्वित करायें। उन्होंने राशन कार्डों की ईकेवायसी सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अधिकारी-कर्मचारियों की सेवानिवृत्त पश्चात लंबित पेंशन प्रकरणों की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने अवगत कराया कि शासन के मंशा अनुरूप जिले में ई-ऑफिस सिस्टम लागू किया जाना है। सभी विभागों के नोडल अधिकारी उन्हें उपलब्ध करायी गई मेल आईडी चेक कर लेवें। कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम के लिए नये कम्प्यूटर आदि विभागीय बजट से खरीदी की जाये। बजट के अभाव में जिला कार्यालय को अवगत करायी जाये ताकि प्रस्ताव शासन को प्रेरित किया जा सकें।

# 10 को गुरु पूर्णिमा, बेलौदी आश्रम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में गुरु भक्तों द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव शिवनाथ नदी के पावन तट पर स्थित संत आशाराम बापू आश्रम बेलौदी दुर्ग में 10 जुलाई को मनाया जाएगा।

इसकी तैयारी 15 दिन पहले से जारी है। यह पर्व श्रद्धा आस्था और कृतज्ञता व्यक्त करने का महापर्व है। कार्यक्रम के तहत सुबह 8 बजे हरि ओम गुंजन, प्रार्थना, पंच गव्य पान, सुबह 8.30 बजे बापू की स्थाई उत्तम स्वास्थ्य के लिए सामूहिक हवन, सुबह 9.30 बजे गुरुवन्दना, आसारामायण पाठ, गुरुअष्टकम। संघ ने बताया कि सुबह 10.30 ग्राम चिखली से भजन कीर्तन करते हुए श्री गुरु चरण पादुका यात्रा निकाली जायेगी।

सुबह 11.35 पादुका पूजन, मानस पूजन, दोपहर 12.10 पूज्य श्री का वीडियो सत्संग, भजन, कीर्तन तत्पश्चात महाआरती, भोजन प्रसादी दी जाएगी। यह जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

## खबर संक्षेप

### मृतक के परिजन को प्रतिकर राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिषेक सिंह ने वाहन दुर्घटना में मृतक के परिजन को 2 लाख रूपए की प्रतिकर राशि स्वीकृत की है। अजय बघेल निवासी कुन्दरापारा वार्ड 54 पोटियाकला नई बस्ती तहसील व जिला दुर्ग की विगत 19 फरवरी 2023 को पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग के पास अज्ञात वाहन द्वारा सड़क दुर्घटना हिट एण्ड रन में घोर उपहति के कारण 20 फरवरी 2023 को मृत्यु की पुष्टि की गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने मृतक अजय बघेल की विधिक प्रतिनिधि उनकी पत्नी राधिका बघेल को पूर्व में 25 हजार तथा 1 अप्रैल 2022 प्रतिकर राशि संशोधन उपरांत 1 लाख 75 हजार की प्रतिकर राशि स्वीकृत की है।

### उद्योग भवन में उप पंजीयक कार्यालय की होगी शिफ्टिंग

**दुर्ग।** उप पंजीयक कार्यालय में मॉडल ऑफिस का निर्माण कार्य शुरू होने के कारण इस कार्यालय को अस्थायी रूप से सीएसआईडीसी परिसर के प्रथम तल जीई रोड दुर्ग में स्थानांतरित किया गया है। जिला पंजीयक सुश्री प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि जिला पंजीयक कार्यालय एवं नकल सर्च पुराने भवन में ही संचालित होगा।

## निधन

### राधे लाल ठाकरे



**भिलाई।** बीएसपी स्कूल से सेवानिवृत्त शिक्षक राधेलाल ठाकुर (78 वर्ष) निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./202506100700145/
अ-06अ/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक विनोद कुमार खांडेकर पिता महादेव राव खांडेकर निवासी गणेश वार्ड नं.-10, कालका पारा, डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के द्वारा ग्राम कातुलबोड़, प.ह.न. 42, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 31/10 रकबा 0.028 हे./0.07 एकड़ भूमि जिसे आवेदक द्वारा दिनांक 23/12/1987 को पंजीकृत बैनामा के माध्यम से क्रय किया गया था। उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख ऑन लाईन रिकार्ड एवं ऋण पुस्तिका में आवेदक के पिता का नाम एम.एच. खांडेकर दर्ज है, जो कि आवेदक के पिता का संक्षिप्त नाम है, आवेदक के पिता का पूरा नाम महादेव राव खांडेकर है, अन्य दस्तावेजों में आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं शैक्षणिक रिकार्ड में आवेदक के पिता का नाम दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर राजस्व अभिलेख में दर्ज आवेदक के नाम एम.एच. खांडेकर को सुधार कर महादेव राव खांडेकर दर्ज कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23/07/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/06/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 20/06/2025
सुनवाई दिनांक 23/07/2025

तहसीलदार,
दुर्ग (छ.ग.)

**अव्यवस्था : आनन-फानन में शिक्षा अधिकारी ने पालकों से की चर्चा**

# शिक्षकों की कमी से त्रस्त पालकों ने स्कूल में जड़ा ताला, पढ़ाई व्यवस्था ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन



**सम्मानजनक हल नहीं निकला तो फिर होगा आंदोलन**

नगर पंचायत पाटन स्थित पीएम श्री विद्यालय अखरा में शिक्षक की कमी को लेकर के पालकों ने गेट पर ताला जड़ दिया। जिससे शिक्षा एवं बच्चे बाहर ही खड़े रहे। पालकों का कहना है कि विद्यालय में 166 बच्चे अध्ययन कर रहे हैं और शिक्षक सिर्फ पांच हैं।

एक शिक्षक को अतिशेष करके निकाला गया है। पालकों की मांग थी कि इस शिक्षक को वापस लाया जाए और शिक्षक की कमी को पूरा किया जाए। जिसके लिए कलेक्टर जनदर्शन और जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन दिया जा चुका है। फिर भी कोई सकारात्मक पहल नहीं हो पाई है। इससे पालक गण आक्रोशित हैं।

पालकों द्वारा स्कूल में ताला लगाने से प्राथमिक और मिडिल स्कूल दोनों में पढ़ाई प्रभावित रही। छोटे छोटे बच्चे बारिश में भीगते हुए इधर उधर धूमते नजर भी आए। अपनी स्कूल में ताला जड़ा हुआ देखा बच्चे थोड़ी देर के लिए चौक गए। धीरे-धीरे पालक एकजुट होने लगे और नारेबाजी बढ़ गई।

पालकों ने जब विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री महिलांगे से मोबाइल संपर्क किया तो उन्होंने मीटिंग में व्यस्तता की बात कही। इस पर पालक स्कूल का ताला नहीं खोलने पर अड़ गए। आनन-फानन में शिक्षा अधिकारी श्री महिलांगे पीएम स्कूल अखरा पहुंचे और पालको से बात कर के शिक्षक को वापस लाने का आश्वासन भी दिया। इसके बाद स्कूल का ताला खोला गया।



## पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उतई

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मचांदूर में सोमवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा उतई मंडल अध्यक्ष प्रवीण यदु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर कुल 200 पौधों का वितरण किया गया, जिन्हें विद्यालय परिसर में रोपा गया। साथ ही बच्चों को अपने घरों में भी पौधे लगाने हेतु आव्हान किया गया। प्रवीण यदु ने बच्चों को प्रेरित किया और अपने संबोधन में कहा हर व्यक्ति को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए,ताकि वह अपने हिस्से की ऑक्सीजन स्वयं तैयार कर सके।" साथ ही उन्होंने सड़क सुरक्षा की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए हेलमेट पहनने की आवश्यकता पर भी बल दिया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के साथ कृषि के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व सरपंच दिलीप साहू, महाविद्यालय संघर्ष समिति अध्यक्ष सीताराम यादव, पूर्व उपसरपंच गजेंद्र साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष फलेंद्र सिंह राजपूत, विधायक प्रतिनिधि ललित देवांगन, प्रभारी प्राचार्य बीएन चौधरी, एस के सिंह, पीके रात्रे, ओपी ठाकुर, हरीश पटौती, अजीत पाठक आदि मौजूद थे।

## ग्राम पाटन से टोलाघाट के लिए भव्य कांवड़ यात्रा 28 जुलाई को निकलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

- पायल साहू की होगी भक्तिमय प्रस्तुति



विश्राम गृह में बोल बम कांवर यात्रा समिति के संयोजक जितेंद्र वर्मा की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में सावन के पवित्र माह में प्रतिवर्ष होने वाले कांवड़ यात्रा के तहत आगामी 28 जुलाई को होने वाले कांवड़ यात्रा को लेकर योजना बनी। बैठक में विगत दिनों हुए बैठक की समीक्षा कर इस वर्ष यात्रा को और भव्य बनाने पर जोर दिया गया। बोल बम कांवर यात्रा समिति द्वारा आयोजित यात्रा प्रतिवर्ष भव्य होते जा रहा है। वर्मा ने कहा कि भगवान शंकर के आशीर्वाद और आप सभी के सहयोग से इस वर्ष भी कांवर यात्रा का आयोजन सावन के तीसरे सोमवार को 28 जुलाई को कांवर यात्रा निकलेगी। टोलाघाट में रुद्राभिषेक एवं जलाभिषेक किया जाएगा। इसके लिएए गांव–गांव में तैयारी को लेकर बैठक करने के लिए प्रभारी बनाए गए हैं। आप सभी कार्ड लेकर गांव–गांव व घर–घर जाएं और कांवर यात्रा के लिए आमंत्रित करें। एक मुट्ठी दान भगवान शंकर के नाम से एकत्र चांवल से महाप्रसादी बनेगा, आप सभी दान भी एकत्रित करें, जिसे भक्तों को प्रसाद के रुप में वितरित किया जाएगा। टोलाघाट में छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोकगायिका पायल साहू लोककला मंच ननकट्टी की भक्तिमय एवं अनुपम प्रस्तुति दी जाएगी। बैठक में दिलीप साहू, योगेश निक्की भाले, कीर्ति नायक, रानी बंछोर, ज्योति प्रकाश साहू, निशा सोनी, चंद्रिका चित्रसेन कलिहारी, भावना विष्णु निषाद, रवि सिन्हा, दुलौरिन नेतराम यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## ग्रामीण बैंक के निजीकरण के विरोध में सांसद को सौंपा ज्ञापन

**भिलाई।** ग्रामीण बैंकों के हित में दुर्ग सांसद विजय बघेल को ज्ञापन सौंपा गया। निजीकरण के विरोध में दिल्ली प्रदर्शन हेतु समर्थन देने का आश्वासन दिया गया।



अखिल भारतीय क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ द्वारा ग्रामीण बैंकों के निजीकरण एवं आईपीओ की प्रक्रिया के विरोध में देशभर में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ऑल इंडिया ग्रामीण बैंक रिक्वायर्स संगठन के राष्ट्रीय महासचिव एस. वेंकटेश्वर रेड्डी ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल से भेंट की तथा उन्हें केन्द्रीय वित्त मंत्री को संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को सार्वजनिक क्षेत्र में बनाए रखने, आईपीओ की प्रक्रिया को रोकने और शीर्ष स्तर पर राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना की मांग को लेकर दिया गया। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि आरआरबीएस का प्रदर्शन आज उल्लेखनीय है – 13.40 लाख करोड़ का कुल कारोबार, 7148 करोड़ का वार्षिक लाभ और 90 प्रतिशत ऋण प्राथमिक क्षेत्र को दिया गया है। बावजूद इसके, आईपीओ की दिशा में उठाए गए कदमों से ग्रामीण बैंकिंग व्यवस्था को नुकसान पहुंचने की आशंका है। ज्ञापन सौंपने वालों में रेड्डी के साथ एयरआरबीईए के प्रादेशिक पदाधिकारी जीएन मूर्ति, एसपी दास, प्रदीप मिश्रा एवं रौनक त्रिपाठी, विकास मीणा, रमेश सिंह भी उपस्थित थे।


## महापौर नीरज ने किया जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण



**भिलाई।** निगम क्षेत्र में निरंतर बारिश के कारण जल भराव की स्थिति निर्मित न हो एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए महापौर नीरज पाल, महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू सुबह 8 बजे से विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किए। जुनवानी रोड स्थित एम.जे.कालेज समीपस्थ बड़ा नाला, इंदु आई.टी. स्कूल के सामने नाला, वार्ड क्रं. 14 शांति नगर एवं वार्ड क्रं. 17 नेहरू भवन सुपेला के मोहल्लो में छोटे नालो का निरीक्षण किया गया।चंद्रा मौर्या अंडर ब्रिज का अवलोकन किया गया, अंडरब्रिज के बाजू सम्पवेल में 12.5 एच.पी. का मोटर पम्प लगातार संचालित है, जिसके माध्यम से पानी खाली कराया जा रहा है और सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेट लगाया गया है। आकाश गंगा स्थित व्यावसायिक परिसर एवं अंडरब्रिज का अवलोकन किया गया, जहां स्थिति सामान्य पाया गया। शहर के किसी भी स्थल पर जल भराव जैसी स्थिति निर्मित नहीं हुई है।

## बिजनेस साइट

### एबीएस फाउंडेशन की छात्रा कशिश 288 अंक लेकर रही अव्वल



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की अग्रणी कामर्स संस्था एबीएस फाउंडेशन में सीए (फाउन्डेशन) में कशिश जैन 288 अंक लेकर दुर्ग-भिलाई में अव्वल रही इसी क्रम में शानिया सिंह, आर्यन ठाकुर, प्राची त्रिपाठी, मानस वेंडाले, वैष्णवी सिंह, ध्रुव राठी, क्रिशल पास हुए तथा सीए इंटर में चार छात्र बोथ ग्रुप पास होकर संस्था का नाम रोशन किया। जिनके नाम योगिता देवांगन, गीत जैन, विश्वजीत साहू, आर्या रुंगटा, शिवानी सोनी है। संस्था के डायरेक्टर अभिषेक राय ने बताया कि शिक्षकों व छात्रों ने कड़ी मेहनत, लगन से परीक्षा की तैयारी की और आज अच्छे परिणाम लाए है। सीए फाउंडेशन व इंटर में इस बार भी पूरे दुर्ग संभाग में सर्वाधिक अंक व सर्वाधिक संख्या में एबीएस के छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपना लोहा मनवाया है। संस्था के द्वारा हर वर्ष हमारे बच्चे रैंक ला रहे है। इन छात्रों के सफलता के पीछे बच्चों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों का सपोर्ट, रेगुलर टेस्ट, रिवीजन तथा टेस्ट सीरीज रहा है। यहां छात्रों को बैठकर पढ़ने के लिए लाईब्रेरी फैसिलिटी है। संस्था में अनुभवी शिक्षकों की एक सशक्त टीम है जो छात्रों को प्रशिक्षित कर उन्हें गाईडेंस प्रदान करती है। जिनके नाम सीए भूषण चिपड़े, सीए अंकेश सिन्हा, सीए रजत अग्रवाल, सीएस, सीएमए देवाशीष गोस्वामी, सीएस जमशेद खान, सीए आकाश जसवानी, सीएमए युवराज पिपरिया, फिजा परवीन, महावीर वैष्णव प्रमुख रूप से है। संस्था में सीए/सीएमए/सीएस/11वीं/12वीं/बी.कॉम की कक्षाएं ली जाती है। जिनके लिए नए सत्र के लिए कक्षाएं प्रारंभ हो चुकी है। अधिक जानकारी 141, न्यू सिविक सेंटर भिलाई-दुर्ग संस्था से ली जा सकती है।

**लगातार वर्षा से घरों में बंद रहे ग्रामीण**

# मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, नाले उफान पर, खेतों से पानी निकाल रहे हैं किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद



पाटन विधानसभा के गांवों में लगातार मूसलाधार बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. पाटन ब्लाक के आसपास के सभी गांवों में सोमवार व मंगलवार दोनों दिन में मूसलाधार बारिश होने से लोग अपने अपने घर में दुबके रहे। पाटन के आसपास के सभी नालों में पानी पुल के आसपास बहने लगा है।खेतों में अत्यधिक पानी भर जाने से फसल डूब गयी है। लोग बरसते पानी में खेत की मेड़ को तोडकर पानी निकालने का जतन कर रहे है, जिससे फसल को बचाया जा सके।पाटन ब्लाक सभी छोटे पुल पुलिया में पानी से लबालब बह रहे है।

ग्राम सेलूद निवासी बसंत चन्द्राकर ने बताया कि मैने एक जून से रोपाई के लिए धान का थरहा डाल दिया था। खेत में बोरपंप होने से धान का थरहा तैयार हो गया और पानी की कमी के कारण थरहा लगाने का कार्य नहीं कर पा रहा था लेकिन अब पर्याप्त वर्षा होने से मेरे खेत में रोपाई का कार्य शुरू हो जायेगा। सभी किसानों के लिए वरदान साबित होगी यह बारिश। अब मेरे 28 एकड़ खेत में रोपाई का कार्य शुरु हो जायेगा। सेलुद निवासी किसान रुपेश यादव ने बताया की एक जून से प्रति वर्ष धान की थरहा दे देते है और इक्कीस से अटठाइस दिन के बाद थरहा रोपाई के लिए तैयार हो जाता है।अब कुँआ खार कन्हार खेतों में रोपाई का कार्य पूरा हो गया है।

रोपाई हुए खेतों में पानी अधिक होने के कारण निकालने के लिए मेडो को खोल रहे है ताकि फसल सुरक्षित रहे। बाकी बचे खेतों में रोपाई का कार्य तेजी से होगा।

## अंचल की खबरें

### पुरई में सम्मानित की गईं महिलाएं




**उतई। दुर्ग** ग्रामीण विधान सभा फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी के तत्वावधान में रविवार को ग्राम पुरई के कर्मा सामुदायिक भवन में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल थीं।अध्यक्षता शांता छत्तीसगढ़िया अध्यक्ष महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था भिलाई ने की। विशेष अतिथि स्मिता तांडी (राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित) जेबा खान (अंतराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी) रामेश्वरी यादव - (सीनियर फेलोशिप अवॉडी संस्कृति विभाग भारत सरकार) उमा रिगरी - (पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत पुरई) थीं।इस अवसर पर लोकेशवरी देवांगन, सुमन साह, कुमारी ओझा, लता राठौर, रुस्तम देशलहरे शांता बाई बंजारे, अल्का राठौर, अल्का देवी वर्मा, मंजू देवांगन, निशा ओझा सहित अन्य महिलाये शामिल हुई।

### बरसते पानी में ग्रामीणों ने लगाए पौधे



**जामगांव आर।** अनवरत वर्षा के बीच ग्राम पंचायत नवागांव बी मे भाजपा नेता नारद साहू द्वारा व ग्रामीणों के साथ के पौधा रोपण किया गया। जिसमे मौलश्री, कदम, कोनो कारपस, गुलमोहर, बादाम और पाम आदि वृक्ष शामिल। कार्यक्रम मे कविता साहू सरपंच, छगनलाल साहू उपसरपंच, महेश साहू ग्रामीण अध्यक्ष, अभिषेक सेन बूथ अध्यक्ष, जयप्रकाश साहू, गजेंद्र साहू सांसद प्रतिनिधि, राजू हिरवानी, युवराज मंडल,लालकुमार साहू , जितेंद्र साहू, तुषान्त टंडन पंच, भेमराज साहू पंच, लेखराम साहू पंच, कांतिलाल साहू, कलीराम जांगड़े, घनश्याम यादव, परमानंद सोनवानी, लोकेश जांगड़े, महेश मेश्राम, नीलकंठ यादव, नागेश साहू, गोविंद महलवार, सोहन साहू, लिखेश्वरी साहू और माधुरी साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### याद किया डॉ. मुखर्जी को, मनाई जयंती



**सेलूद।** क्षेत्र के ग्राम घुघुवा (क) बूथ के कार्यालय जन समस्या निवारण केंद्र में भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार "संकल्प से सिद्धि" अभियान अंतर्गत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 124 वीं जयंती पर बूथ स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में सभी स्थानीय ज्येष्ठ श्रेष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थिति हुए। उपस्थित सभी ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।जनपद सदस्य व सभापति प्रणव शर्मा ने अपने उद्बोधन में डॉ. मुखर्जी को स्मरण कर वंदन करते हुए कहा भारत में कश्मीर के विलय के लिए अपने जीवन की आहुति देने वाले श्रद्धेय डॉ मुखर्जी को ये भारत भूमि क्षण भर के लिए विस्मृत नहीं कर पाएगी, उनके विचार, कार्य एवं संदेश युगों-युगों तक राष्ट्रसेवकों का मार्गदर्शन करेगा। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष प्रशांत शर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक थानेश्वर प्रसाद साहू, फगुवा राम साहू, ढाल सिंह साहू नरेश साहू, विष्णु निषाद, संतोष साहू, अर्जुन निषाद, विद्यासागर और विमल किशोर साहू शामिल हुए।

### पेड़ लगाने के साथ देखभाल करना जरूरीः खुमान




**अंडा।** ग्राम पंचायत कोड़िया सेवा सहकारी समिति के धान खरीदी केंद्र में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया जिसमें मुख्य रूप से ग्राम पंचायत कोड़िया सरपंच खुमान निषाद ,उपसरपंच कुलेश्वर निर्मलकर् ,सोसायटी प्रबंधक घनश्याम बेलचंदन,अध्यक्ष सहकारी समिति रोहित चंद्राकर,ग्रामीण अध्यक्ष जगदीश दीपक, कन्हैया यादव,शिवचरण चंद्राकार,भूपेंद्र चंद्राकर,सुनील साहू, लीलाधर निषाद, राही साहू ज्ञानेश्वर साहू वार्ड पंच,रोहित साहू वार्ड पंच, राधेलाल साहू,चुन्नीलाल चंद्राकर, आनंद चंद्राकर,दिनेश दीपक और ग्रामीण जन उपस्थित हुए। इस अवसर पर सरपंच खुमान निषाद ने कहा कि पौधा तो हर लोग लगा सकते हैं लेकिन उसका देखभाल करना जरूरी है क्योंकि की हम लोग अपने बच्चों का देखभाल बचपन से करते हैं उसी तरह पौधा का भी देखभाल करना जरूरी हैं। हमारे जीवन में हवा लेने के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है ।

### वृहत्ताकार सहकारी समिति उतई में लगाए पौधे



**उतई।** एक पेड़ मां के नाम के तहत वृहत्ताकार सहकारी समिति में उतई एवं खोपली में कटहल ,आम , जाम , जामुन , करोंदा, आंवला और करंज सहित 300 पौधे रोपित किये गए वहीं गांव के कृषकों को भी लगभग 200 नग पौधे वितरित किए गए। इस वृहद पौधा रोपण कार्यक्रम में खोपली संरपंच मंजू वर्मा , फत्तेलाल वर्मा प्राधिकृत अधिकारी वृहत्ताकार समिति उतई , दिनेश वर्मा शाखा प्रबंधक सेलूद , पुरेन्द्र वर्मा ग्राम कोटवार व उपसंरपंच , समस्त पंच व ग्राम के नागरिको के उपस्थिति में किया गया। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में समिति प्रबंधक व समस्त कर्मचारी की सहभागिता रही।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने रुपए नहीं देने पर चाकू से हमला, गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड किया। रुपए नहीं देने पर चाकू से हमला कर मोबाइल, नगदी रुपए लूटकर फरार होने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि न्यू खुर्सीपार सिंधी मोहल्ला निवासी राजकुमार जैन साइकिल से भिलाई तीन एकता नगर जा रहा था। शाम को डबरा पारा चौक के आगे सर्विस रोड डबरा पारा के अक्षय कुमार अपने दोस्त दुर्गेश इसे रोक कर शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। रुपए नहीं देने पर गाली गलौज कर पीड़ित के जेब से 2500 रुपए, मोबाइल लूटकर चाकू से हमला कर फरार हो गया। पीड़ित ने परिजनों को दूसरे के मोबाइल से कॉल कर घटना की सूचना दी। तब पीड़ित को उपचार के लिए निजी अस्पताल खुर्सीपार में दाखिल कराया गया। डबरा पारा आरोपी अक्षय कुमार भारतीय उर्फ अक्षय पासी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि 5 जुलाई को आरोपी का दोस्त रानीतराई निवासी दुर्गेश यादव के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। आरोपी दुर्गेश की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में भिलाई तीन टीआई अंबर सिंह भरतद्वाज समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।



### श्रम विरोधी है केंद्र की नीतिः सीटू

**भिलाई।** सीटू यूनियन ने जारी बयान में कहा है हड़ताल को सफल बनाने के लिए यूनियनों द्वारा पोस्टर, पम्पलेट, मीडिया, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से हड़ताल के प्रमुख मुद्दों को हर मजदूर तक पहुंचाया गया है । यह संघर्ष ऐसा है जिसमें हर एक को अपने हिस्से की लड़ाई स्वयं लड़ी जानी है अन्यथा केंद्र सरकार निरंकुश तरीके से ना केवल श्रम कानून को खत्म कर देगा बल्कि श्रमिक वर्ग को गुलाम बनाने वाली नीतियों को लागू कर देगा।

# झमाझम वर्षा से टाउनशिप हुई पानी-पानी, बीएसपी क्वार्टरों व बाजारों में जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के चलते पटरी पार इलाके के साथ टाउनशिप भी पानी पानी हो गई। लगातार बरसात से जनजीवन अस्त - व्यस्त हो गया और रहवासियों की मुश्किलें बढ़ गईं। जगह, जगह जलजमाव के साथ बीएसपी कर्मियों के आवासों में सीपेज की समस्या से लोग परेशान रहे।

सोमवार देर शाम से शुरु हुई वर्षा मंगलवार को दोपहर डेढ़ बजे तक होती रही। झमाझम बारिश से सेक्टरी इलाके में सड़कों के किनारे अंदरुनी क्षेत्रों और बाजारों आदि में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। इससे व्यवसायियों के साथ रहवासियों को भी परेशानी हुई। बीएसपी स्कूलों के मैदानों, हेल्थ सेंटरों और इस्पात क्लबों के परिसर और कई मार्केटों में जगह जगह पानी जमा हो गया। सेक्टर 6 अंडरब्रिज पुराना स्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल व सेक्टर 4 स्कूल और सेक्टर 6 सड़क 23 आदि के खेल मैदानों में आधा फीट पानी भर गया। बारिश से सेक्टर 6 ए, सी और सेक्टर 10 जोनल मार्केट में भी जगह जगह पानी भर जाने से आवाजाही में दिक्कतें हुई। सबसे ज्यादा परेशानी तिमंजिला क्वार्टरों व ट्यूबलर व बोरिया क्वार्टरों के रहवासियों को हुई। सेक्टर 6, 7 और सेक्टर 4 व 8 आदि सेक्टरों के आवासों में बैकलेन की सफाई नहीं होने से पीछे और सामने दरवाजे से घरों में पानी घुस गया। महिलाएं, बच्चे व बड़े रापा व बाल्टी आदि से पानी निकालते देखे गए। रहवासियों ने बताया कि हर साल चार पांच घंटे की बारिश होने पर ऐसी ही समस्या से जूझना पड़ता है। अब तक बीएसपी से कोई राहत नहीं मिली है।

## सड़कों के किनारे व खेल मैदानों में भरा पानी





### सीपेज की बढ़ी समस्या

लगातार बरसात से बीएसपी कर्मियों के आवासों में सीपेज की समस्या बढ़ गई । सेक्टर 1, 3, सेक्टर 4, सेक्टर 6 व 7 आदि सेक्टरों के कई तिमंजिला क्वार्टरों छतों और दीवारों से पानी टपकने के साथ सीलन की समस्या से लोग परेशान दिखे। रहवासियों ने बताया कि शिकायत के बाद भी बीएसपी द्वारा मकानों का न तो मेंटेनेंस ही कराया जा रहा है और न ही बारिश पूर्व डामरशीट ही लगवाई गई है। सीपेज से घर में रखे अनाज, राशन, कपड़े और बच्चों की कापी किताबें भीग गए।

## संयू ने किया आंदोलन को सफल बनाने की अपील, प्रबंधन ने हड़ताल को अवैध बताया

# बीएसपी में आज देशव्यापी हड़ताल को लेकर यूनियनों व प्रबंधन ने कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नई श्रम संहिता सहिताओं सहित केंद्र सरकार की श्रमविरोधी नीतियों के खिलाफ केंद्रीय यूनियनों के आह्वान पर देशव्यापी हड़ताल को लेकर लोकल श्रमिक संगठनों ने भिलाई इस्पात संयंत्र में हड़ताल की तैयारी की है। हड़ताल को सफल बनाने आज दिनभर गतिविधियां तेज रहीं। वहीं प्रबंधन ने सर्कुलर जारी कर हड़ताल को अवैध बताते हुए कर्मियों से हड़ताल पर न जाने के लिए चेताया है और उत्पादन बनाए रखने व्यापक तैयारी की है। हड़ताल से निपटने के लिए अफसरों को अलसुबह से ड्यूटी पर बुलाया गया है।

केंद्र द्वारा 4 लेबर कोड, सार्वजनिक व सरकारी उपक्रमों के निजीकरण और मंहगाई आदि 25 सूत्रीय मांगों को लेकर सात यूनियनों ने बीएसपी में हड़ताल का आह्वान किया है। इंटक,सीटू, एटक, एचएमएस, एक्टू,स्टील वर्कर्स यूनियन, लोइमू यानी संयुक्त यूनियन के नेताओं ने बैठक व कर्मियों से मिलकर हड़ताल सफल बनाने की अपील के साथ इसके लिए रणनीति भी बनाई। बीएमएस सहित तीन यूनियनों के हड़ताल में शामिल नहीं होने की जानकारी मिली है। संयुक्त यूनियन के मुताबिक सातों यूनियनों के नेताओं की अगुवाई में सुबह 8 बजे मेन गेट के निकट मुर्गा चौक व बोरिया गेट पर आंदोलन के दौरान कर्मियों को ड्यूटी नहीं जाने का आह्वान किया जाएगा। हड़ताल 10 जुलाई को सुबह 8 बजे तक कांल की गई । हड़ताल को देखते हुए आज पुलिस कंट्रोल रुम में एसएसपी जितेंद्र शुक्ला ने सातों यूनियनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। हर स्थिति में कानून व्यवस्था बनाए रखने कहा। यूनियन नेताओं ने भी भरोसा दिलाते हुए हड़ताल के दौरान असामाजिक तत्वों की घुसपैठ पर नजर रखने की अपील की।

### केंद्र सरकार के नये लेवर कोर्ड व निजीकरण के खिलाफ दिखाएंगे एकजुटता



### प्रबंधन ने भी कसी कमर

पिछले साल 28 अक्टूबर की सफल हड़ताल को देखते हुए बीएसपी प्रबंधन भी व्यापक तैयारी की है। संयंत्र में उत्पादन व कामकाज बरकरार रखने के लिए लिए रणनीति तैयार करने देर शाम तक कवायद चलती रही। इसके तहत सर्कुलर जारी कर हड़ताल को अवैध घोषित करते हुए कर्मियों को हड़ताल पर नहीं जाने के लिए चेताया गया है। अनुपस्थित रहने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है। वहीं ईडी राकेश कुमार ने सभी यूनियनों की बैठक बुलाकर बीएसपी में सेफ्टी को मजबूत करने के साथ भिलाई की उत्पादन की संस्कृति का हवाला देते हुए हड़ताल पर न जाने की अपील की।

### पौ फटते ही गेटों पर डटे रहेंगे अफसर

हड़ताल के दौरान बीएसपी में उत्पादन न गड़बड़ाए और किसी तरह की अप्रिय स्थिति न बिगड़े इसके लिए सीआईएसफ के साथ बीएसपी अफसर भी मेन गेट सहित सभी गेटों पर मोर्चा संभालेंगे। वहीं मंगलवार को नाइट शिफ्ट के कर्मियों के प्लांट के अंदर ही रोककर डिनर आदि की व्यवस्था किए जाने की खबर है। हालांकि केंद्रीय मुद्दों के चलते इस बार यूनियनों में पिछली हड़तालों की तरह उत्साह नहीं दिखाई दे रहा है, बावजूद इसके प्रबंधन हर स्थिति में प्लांट में उत्पादन सहित सामान्य स्थिति बहाल रखने सजगता बरत रहा है।

# बीएसपी पंप हाउस में टीम वर्क से जलापूर्ति बहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

टाउनशिप में सोमवार को पेयजल आपूर्ति करने वाले मरोदा पम्पहाउस में अचानक एक पम्प के एनआरबी का टॉप कवर अचानक फट गया था। पूरे भिलाई टाउनशिप और संयंत्र के कुछ हिस्सों की पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई। बीएसपी कर्मियों ने टीम वर्क से 13 घंटे के अल्प समय में व्यवस्था को दुरूस्त कर जलआपूर्ति को सामान्य बना दिया।

जल प्रबंधन विभाग और बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के पीएचई अनुभाग ने फटे पंप से बहने वाले पानी को रोकने का प्रयास किया। इसी के साथ सभी वरिष्ठ अधिकारियों, फायर ब्रिगेड, नगर सेवाएं विभाग और सभी संबंधित एजेंसियों को सर्तक किया। जीएम जेपी सिंह की डब्ल्यूटीपी, मरोदा, इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस और एचएमई की टीम ने युद्धस्तर पर कार्य प्रारंभ किया। जल प्रबंधन विभाग के जीएम ए बनर्जी, किशोर बुडा, संजय पांडेय, एजीएम वीएस राय, एचएमई के महाप्रबंधक आरके पंडा, उप प्रबंधक अतुल भारडे, उप प्रबंध नरेन्द्र राव पंप हाउस में भरे पानी से अन्य पंपों को क्षति न पहुंचे, इसके लिए दोनों पंपों को बंद किया, विद्युत आपूर्ति बंद की गई और अग्निषमन सेवा विभाग की मदद से भरे हुए पंप हाउस के पानी को निकाला गया। लगातार 13 घंटे से अधिक कार्य करते हुए इस समर्पित टीम ने पहले लगभग 4 बजे एक पंप को चालू करके देखा और रात दस बजे तक सभी तीनों पंपों को चालू करके स्थिति को सामान्य बनाने में अहम भूमिका निभाई।

■ 13 घंटे नगर सेवा की टीम मेंटेनेंस में जुटी रही

इसके साथ ही संयंत्र के पंप हाउस से सप्लाई किए जाने वाले पेयजल की आपूर्ति का दायित्व नगर सेवा विभाग के पीएचई अनुभाग के कंधे पर रहता है। ब्रेकडाउन की सूचना के साथ ही नगर सेवा विभाग को भी तत्काल जानकारी दी गई। नगर सेवा विभाग के महाप्रबंधक (नगर सेवाएँ) श्री वी.के. पाठक व श्री ए.बी. श्रीनिवास, उप महाप्रबंधक डी.सी. सिंह, एजीएम वीके भोंडेकर व पीएल साहू, सहित सभी कार्मिकों ने योजनाबद्ध तरीके से प्रयास शुरू कर दिया। ब्रेकडाउन से सीधे पाइपलाइन से आपूर्ति की जाने वाली क्षेत्रों में पानी बंद हो गया । जहां जरूरी था वहां टैंकरों से भी जल पहुंचाया गया। सभी विभागों के आपसी समन्वय से इस ब्रेकडाउन को मात्र 13 घंटे में रात्रि 9.30 बजे तक दुरूस्त कर लिया गया और रात बजे तक तीनों पंप चालू करवाने में सफलता दिलाई। जेएलएन चिकित्सालय के ओवरहेड टैंक को सामान्य किया गया। बाद अन्य सेक्टरों में स्थित ओवरहेड टैंकों में जल भरकर मंगलवार की सुबह से नियमित जल आपूर्ति बहाल कर दी गई।

## बैटरी से उठ रही चिंगारी की वजह से .कार में लगी आग, जलकर खाक...



**भिलाई।** मोहन नगर थाना अंतर्गत कर्मचारी नगर स्थित सोनी आटा चक्की लाइन में सतीश चन्द्र सतवानी के घर के सामने खड़ी कार सीजी 06ई 3100 में मंगलवार की दोपहर अचानक आग लग गई। आग लगने की वजह बैटरी से उठ रही चिंगारी और स्पार्किंग को बताया जा रहा है। सूचना पर मोहन नगर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। लगी आग पर काबू पाया गया। इससे बड़ा हादसा टल गया। बहरहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आग लगने के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम दल प्रभारी प्रवीण बारा, फायर कर्मी शैलेंद्र देशमुख, दीपक यादव, केशव यादव भेजी गई थी, जिन्होंने लगी आग पर काबू पाया।

## 74 बच्चों का एडमिशन बहाल करने आप ने सौंपा ज्ञापन

**भिलाई।** आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को आईटीआई विंग प्रदेश अध्यक्ष मेहरबान सिंह भिलाई नगर विधानसभा प्रभारी दुर्ग लोकसभा उपाध्यक्ष जसप्रीत सिंह प्रदेश सचिव के ज्योति के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में आरटीई के तहत प्रवेश निरस्त 74 बच्चों के एडमिशन बहाल करने की मांग की गई है। उनका कहना है कि हाईकोर्ट में मामला चल रहा है। उसके बाद भी निजी स्कूल प्रबंधन ने पालकों को बच्चों को स्कूल ना भेजने के लिए पत्र जारी कर दिया तथा टीसी ले जाने का भी निवेदन किया है। जब तक मामला उच्च न्यायालय में लंबित है तब तक इन बच्चों को शिक्षा से वंचित न किया जाए। हाई कोर्ट के आदेश के बाद जो भी निर्णय होगा वह मान्य होगा। शिक्षा विभाग अपनी तकनीकी गड़बड़ी को पालकों पर थोप रहा है शिक्षा विभाग ने पोर्टल में छेड़छाड़ की जाने का उल्लेख किया है। अगर पोर्टल में छेड़छाड़ हुई है तो उसकी सूक्ष्म स्तर पर जांच हो। जबकि पोर्टल में छेड़छाड़ करना किसी आम आदमी की बस की बात नहीं है। शिक्षा का व्यवसायीकारण उच्च स्तर पर पहुंच सके क्योंकि निजी स्कूलों की फीस को नियंत्रित करने में शिक्षा विभाग असफल रहा निजी स्कूल स्कूल प्रबंधन पालकों से कापी, पुस्तक, ड्रेस, जूता ,तक अपने द्वारा तय दुकानों से खरीदवाता है निजी स्कूलों की इस मनमानी को शिक्षा विभाग आज तक रोक नहीं पाया।



## कवि सुरेन्द्र को बीएसपी बिरादरी ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास केन्द्र के मिनी असेंबली हॉल में कवि पद्मश्री स्व. डॉ. सुरेन्द्र दुबे को 'काव्यांजलि' का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार और संदीप माथुर थे।

पवन कुमार ने कहा कि कवि स्व. दुबे ने अपनी कविताओं से हँसाया भी और कई बार चिंतन-मनन करने पर मजबूर भी किया। सामाजिक चेतना की दिशा में भी उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

कलाकार अपनी कृतियों के रूप में सदैव जीवित रहते हैं, कला बिरादरी के बीच और अपने प्रशंसकों के हृदय में हमेशा-हमेशा के लिए अमर होते हैं। आज पद्मश्री स्व. डॉ. सुरेन्द्र दुबे भौतिक रूप में हमारे बीच भले ही नहीं हैं किंतु उनकी स्मृतियाँ सदैव हमारे साथ रहेंगी और अपनी रचनाओं के माध्यम से वे सदैव ही हमारे बीच रहेंगे। श्री प्रियदर्शी ने कहा कि डॉ. सुरेन्द्र दुबे ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सदैव ही आम जन के हृदय को छुआ। उनकी भाषा एवं शैली हमेशा ही ज़मीन से जुड़ी होती थी।

■ राजभाषा विभाग ने किया काव्यांजलि का आयोजन

संयंत्रकर्मी कवि गजराज दास महंत, किशोर कुमार तिवारी तथा बलराम चन्द्राकर ने अपनी कविताओं की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारीगण व जीएम यूएस परगनिहा, संजय द्विवेदी, संजीव श्रीवास्तव, प्रशांत तिवारी, ज़ेवियर बेक, मुकुल सहारिया, डीजीएम यशवंत साहू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया।

## शिकायत के बाद भी व्यवस्था नहीं बदली, संधारण का काम करने वाला भी है गायब

# भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र में मोटर संधारण नहीं, चार वार्ड के लोग प्यासे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा के चार वार्डो के लोग भरी बारिश में भी पेयजल के लिए तरस रहे है। लाखों रुपए से बने टंकी से एक समय की पानी की सप्लाई की जा रही है। इसे लेकर कई बार वार्ड के लोग निगम का चक्कर काटने को मजबूर हो रहें है। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 16 बाजार चौक, वार्ड 8 माहमाया पारा, वार्ड 10 शांतिपारा ,शीतला पारा 9 में पेयजल को लेकर काफी समस्या है। इसे लेकर वार्ड के पार्षद भी वार्ड का चक्कर लगाने को मजबूर हो रहें है। पानी टंकी भरने के लिए लगे मोटर पंप करीब काफी दिनों से खराब है। इस कारण टंकी से एक समय तक की पानी की सप्लाई हो रही है। नूतन चौक पर स्थित पानी टंकी से उक्त वार्डो में पानी की सप्लाई हो रही है। रात भर मोटर चालू कर पानी भरा जाता है जिसे सुबह वार्डो में सप्लाई की जाती है। टंकी में अभी फिलहाल एक ही मोटर से काम चल रहा है। इसमें दो मोटर लगा है एक मोटर खराब है। दोनों ही मोटर से भूजल स्त्रोत का पानी टंकियों में भरा जाता है। नल में पानी नहीं आने से क्षेत्र के लोग टैंकरों और हैंड पंपों पर निर्भर रहते हैं। मानसून लगने के बाद भी पेयजल की समस्या अब भी बनी हुई है। भिलाई-चरोदा निगम में संधारण का काम पूरी तरह बंद होने से प्रभावित लोग हैंड पंपों पर निर्बर रहते है। जिनके यहां हैंड पंप नहीं उन्हें सार्वजनिक और पड़ोस के निजी हैंडपंपों से पानी लाना पड़ रहा है। मोटर, वार्ड के मोटरों तक का संधारण नहीं होने से पेयजल की समस्या अब भी बनी हुई है। निगम के अधिकारी जनता व पार्षदों को सिर्फ अश्वासन देकर काम चला रहें है।



### बोरिंग तक का संधारण नहीं

भिलाई-चरोदा निगम के 40 वार्ड के अधिकांश जगहों पर मोटर, बोरिंग, नलों तक का संधारण का काम अटका हुआ है। कई जगहों पर नल की टोटी तक टूटू हुई है। उसका भी आज तक संधारण नहीं हो पाया है। वार्डो के मूलभूत सुविधा तक को शहर सरकार जनता को उपलब्ध नहीं करा पा रही है। वार्ड के लाइटो तक का भी संधारण नहीं हो पा रहा है। इसके कारण वार्डो में अंधेरा छाया रहता है।

### मानसून में भी पेयजल संकट



"वार्डो में पेयजल संकट है। संधारण का काम अब तक नहीं हो पा रहा है। इसे लेकर कई बार शिकायत भी किया गया है।मानसून लगने के बाद भी जवता पेयजल समस्या से जूझ रही है।

**राम खिलावन वर्मा,** नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा

### संधारण तक नहीं



"निगम महापौर निर्मल कोसरे कांग्रेस की शहर सरकार का पद संभाले हुए है। विकास कार्यो में पूरी तरह फेल है। विभिन्न वार्डो में पेयजल समस्या बनी हुई है। नूतन चौक के पानी टंकी से चार वार्डो में सप्लाई होता है। मोटर खराब होने से संधारण तक नहीं कराया गया। दिक्कत बनी हुई है।

**राजेन्द्र सोनी,** पूर्व पार्षद नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा

### जल्द संधारण के लिए कहा



"मोटर का संधारण नहीं होने से पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है। इसे लेकर निगम अधिकारियों को अवगत कराया गया है। जल्द संधारण किया जाना है। जल्द वार्ड के लोगों को पेयजल की सुविधा मिलेगी।

**कुसुम विपिन चंद्राकर,** पार्षद नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा

online Booking:-www.tripuryatra.com



25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर,
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करेंः-7354-411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 9 जुलाई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


04



हर बॉडी टाइप के लिए परफेक्ट हैं सूट के नेकलाइन डिजाइंस

## लाइव इवेंट

### रीजनल क्वीज के सेंट्रल रीजन में कौस्तुभ और प्रखर विजेता



**भिलाई।** आईसीएआई धनबाद ब्रॉच द्वारा आयोजित नेशनल टेलेंट सर्च के रीजनल लेवल क्वीज में कौस्तुभ श्रीवास्तव और प्रखर जैन ने सेंट्रल रीजन में विजेता रहे। अपने शानदार ज्ञान, तीव्र बुद्धिमत्ता और जबरदस्त टीमवर्क के दम पर इस जोड़ी ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने का सम्मान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिष्ठित जीत भिलाई ब्रांच के लिए गर्व का विषय है। यह सम्मान शैक्षणिक उत्कृष्टता और उज्जवल प्रतिभा को दर्शाती है। यह उपलब्धि हमारे छात्रों की प्रतिस्पर्धात्मक भावना और निरंतर प्रगति को और भी मजबूत बनाती है। सीए राजेश बाफना, प्रतीक अग्रवाल ने उन्हें बधाई दी। अन्य प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन में ओम बजाज, आकांक्षा शिरबटे, सुप्रिता सिन्हा ने भाग लिया। वक्तृत्व प्रतियोगिता में के लक्ष्मी, रतिका, दीक्षा गनेशानी ने अपने भाषण से श्रोताओं को प्रभावित किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में दीपक सिन्हा ने तार्किकता और स्पष्टता से अपने तर्कों को प्रस्तुत किया। गाजियाबाद में आयोजित पिच डेस्क प्रतियोगिता में दीक्षा गणेशानी, प्रखर संचेती ने अपने नवाचारपूर्ण और रणनीतिक व्यावसायिक प्रस्ताव से सभी को प्रभावित किया।

## सिटी इवेंट

### त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. बालपांडे का अंतरराष्ट्रीय कुष्ठ सम्मेलन बाली में चयन

**भिलाई।** भिलाई की बेटी डॉ. गरिमा बालपांडेय का बाली में होने वाले अंतराष्ट्रीय कुष्ठ सम्मेलन में चयन किया गया है। वे फिलहाल



शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर है। भिलाई की डॉक्टर त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ, गरिमा बालपांडे को बाली इंडोनेशिया में आयोजित होने वी आले इंटरनेशन लेप्रोसी कांग्रेस - 2025 में स्कालरशिप के साथ भागीदारी का मौक़ा मिला है। इसके साथ ही डॉ. गरिमा देश के उन चुनिंदा त्वचा रोग विशेषज्ञों में शामिल हो गई हैं, जिन्हें ये मौक़ा मिला है। शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज में सेवाएं दे रही डॉ गरिमा 9 जुलाई को अपनी प्रस्तुति बाली में देंगी। उन्होंने न सिर्फ़ छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है, बल्कि देश की बेटियों के लिए एक मिसाल कायम किया है।

## सिटी इवेंट

### सरकारी स्कूल के 150 से ज्यादा बच्चों को पाठ्य सामग्रियों का वितरण



**भिलाई।** शासकीय प्राथमिक शाला धनोरा के 150 बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। ओजस महिला समाज सेवा समिति ने समाजसेवी रजनी विजय बघेल के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया। स्कूल के बच्चों ने ग्रुप डांस प्रस्तुत किया। कविता-कहानी की प्रस्तुति दी। समिति ने कक्षा पांचवीं के परीक्षा परिणाम में प्रथम वेदिका यादव 90%, द्वितीय डिंपल साहू 89.5% ,तृतीय कुणाल साहू 89% ।को गिफ़्ट देकर सम्मानित किया। शासकीय प्राथमिक शाला धनोरा प्रधान पाठक अंबिका सॉन्ग का समिति द्वारा शाल व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के स्टाफ में संकुल समन्वयक सुमन प्रधान, सहायक शिक्षक चंचल मानकर, भारती देवांगन, कांति सोनवानी, पायल साहू ने समिति सदस्यों का स्वागत किया। अधिकारियों ने प्रतिदिन पढ़ाई करने की नसीहत दी। संस्कृति वर्मा ने हम होंगे कामयाब... हम होंगे कामयाब... गीत सुनाकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। नूतन वैष्णव ने गायत्री मंत्र की जानकारी दी। इस अवसरर पर सुषमा सिंह, संजू शुक्ला, सुनीता सिंह, संजय सिंह, मंजू सौनी, अर्चना सर्राफ़, चंदन वर्मा, दिब्या सिंह, मीनाक्षी सहगल, सरिता अग्रवाल, अंजली सहित अन्य मौजूद थे।

### पैरा आर्म-रेसलिंग कप 2025 में श्रीमंत ने जीता स्वर्ण पदक

**भिलाई।** भिलाई के श्रीमंत झा ने यूरोप के लक्ज़मबर्ग में आयोजित





लक्ज़मबर्ग पैरा आर्म-रेसलिंग कप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के लिए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने श्रीमंत झा को हार्दिक बधाई दी। चंद्राकर ने कहा कि उनकी यह उपलब्धि न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए गर्व का विषय है। प्रदेश को अपने इस होनहार, समर्पित और प्रेरणादायक बेटे पर अपार गर्व है। इस ऐतिहासिक जीत को श्रीमंत झा ने हाल ही में अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में दिवंगत हुए सभी लोगों को समर्पित करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

## ● नेशनल डिम्पल्स डे विशेषः ज्योतिष की दृष्टि में शुक्र का कारक और श्रेष्ठता का प्रतीक माना गया

# चेहरे में डिंपल देते हैं चार्मिंग और अट्रैक्टिव लुक, शर्मिला टैगोर से लेकर प्रिटी जिंटा की मुस्कान दिलों में आज भी करती है राज

भिलाई। नेशनल डिम्पल्स डे हर साल 9 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिन उन खूबसूरत गालों की मुस्कान को समर्पित होता है, जिन पर डिंपल पड़ते हैं। डिंपल या गालों पर पड़ने वाले गड्ढे चेहरे की मुस्कान को और आकर्षक बना देते हैं और कई बार लोगों की पहचान भी बन जाते हैं। जो चेहरे पर एक खास तरह का आकर्षण जोड़ते हैं, खासकर जब व्यक्ति मुस्कुराता है। ये छोटे गड्ढे या सिलवटें व्यक्ति को अधिक आकर्षक, युवा और चंचल बनाती हैं। डिंपल्स की वजह से लोग काफी चार्मिंग और अट्रैक्टिव माने जाते हैं। चेहरे पर सुंदर डिंपल पाने की की इच्छा रखने वाले आजकल "डिंपलप्लास्टी" करवाते है। डॉ यशा उपेंद्र ने बताया कि आजकल लोग गुड लुक के लिए डिंपल लाने कास्मेटिक सर्जरी भी करा रहे है। वहीं ज्योतिष की दृष्टी मे यह शुक्र का कारक और श्रेष्ठता का प्रतीक माना गया है।

### चेहरे में एक खास तरह का आकर्षण देते हैं डिम्पल









#### कई मशहूर हस्तियों ने बनाया दिवाना

बॉलीवुड अभिनेत्रियों की मनमोहक मुस्कान और गालों पर पड़ने वाले डिंपल ने लाखों प्रशंसकों को दीवाना बनाया है। अपनी डिंपल वाली मुस्कान के कारण शर्मिला टैगोर भी उस दौर में लाखों दिलों पर राज करती थीं। प्रीति जिंटा को "डिंपल गर्ल" के नाम से भी जाना जाता है। शाहरुख खान, प्रीति जिंटा जैसे स्टार्स अपने डिंपल्स की वजह से काफी चार्मिंग और अट्रैक्टिव माने जाते हैं। दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट, बिपाशा बसु भी शामिल है।

#### ऐसे लोग वाले भाग्यशाली

त्वचा में एक गड्ढा जो अक्सर आपके चेहरे के गालों पर होते हैं। डिम्पल के नाम से भी जाना जाने वाला यह जेलासिन आबादी का केवल एक छोटा प्रतिशत ही डिंपल पाने के लिए भाग्यशाली है। जिन लोगों के गालों पर डिम्पल होते हैं, उन्हें भाग्यशाली माना जाता है। वास्तव में चीनी संस्कृति में वे सौभाग्य की निशानी हैं। डिम्पल वाले बच्चे प्यारे लगते हैं और जिन पुरुषों के गालों पर डिम्पल होते हैं, वे सुंदर होते हैं। वे वीरता और मासूमियत की निशानी भी हैं।

#### डिंपल आनुवंशिक, वैज्ञानिक असमत

डिम्पल्स के बारे में जानकार बताते है कि जेलासिन यानी डिंपल बहुत आम नहीं हैं। दुनिया भर में केवल 20-30% लोगों में ही ये होते हैं। वैज्ञानिक इस बात पर असहमत हैं कि ये आनुवंशिक हैं, जन्म दोष हैं या फिर ये बस एक यादृच्छिक घटना है। ये त्वचा पर प्राकृतिक निशान हैं। ये जाइगोमैटिकस मेजर मांसपेशी में दोष या भिन्नता के कारण बनते हैं। यह मांसपेशी चेहरे के भावों को नियंत्रित करती है। गालों पर पड़ने वाले डिम्पल सबसे आम हैं और मुस्कुराते समय दिखाई देते हैं। ये मुंह के कोनों में भी दिखाई दे सकते हैं। कुछ लोगों में डिंपल या ठोड़ी पर दरार होती है। और ये पीठ के निचले हिस्से पर भी हो सकते हैं। इन्हें"वीनस के डिंपल" कहा जाता है। वीनस सुंदरता और प्रेम की रोमन देवी हैं। जिन महिलाओं में ये होते हैं, उन्हें बहुत सुंदर माना जाता है। जिन पुरुषों की पीठ के निचले हिस्से पर ये होते हैं, उन्हें "अपोलो के डिंपल" कहा जाता है। अपोलो प्राचीन रोमन सूर्य देवता हैं।

**1936 में इसाबेला गिल्बर्ट ने डिम्पल मेकर:** डिंपल जिसे जेलासिन भी कहते है वो फैशन में हैं। ऐसा लगता है कि वे कभी भी फैशन से बाहर नहीं जाते। डिम्पल इतने आकर्षक हैं कि 1936 में इसाबेला गिल्बर्ट ने डिम्पल मेकर का आविष्कार किया। उन्होंने 6 अक्टूबर, 1936 को पेटेंट के लिए आवेदन किया। यू एस. पेटेंट कार्यालय ने 31 अगस्त, 1937 को पेटेंट जारी किया।

#### ज्योतिष की की दृष्टि से श्रेष्ठता का प्रतीक



चेहरे मे पड़ने वाले डिंपल के विषय में ज्योतिषाचार्य पं विनोद चौबे ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र में में डिंपल का कोई विशेष उल्लेख नही मिलता लेकिन हस्त सामुद्रिक शास्त्र में 5 प्रकार की मुखाकृति के बारे में बताया गया है। जिसमें गोल गालों के साथ डिंपल को शुक्र ग्रह के कारक के रुप में देखा जाता है। जो कि धन, वैभव, समृद्धि से संपन्न और आजीवन भौतिक सुखों का उपभोग करने वाले होते है। साथ ही जिनके गाल उभरे होते है वे संवैधानिक जैसे उच्च पदों पर आसीन होते है। यह दोनो ही श्रेष्ठता के प्रतीक माने गए है।

#### चेहरे के भावों को नियंत्रित करता है डिंपल

एम डी गोल्ड मेडलिस्ट डर्मेटोलाजिस्ट डॉ यशा उपेंद्र ने बताया कि कई बार डिंपल जेनेटिक होते है



लेकिन यह गाल या चिक मसल्स में विरियेशन के कारण होता है। डिम्पल ज़ाइगोमैटिकस मेजर मासपेशी द्वारा बनते हैं, जो चेहरे के भावों को नियंत्रित करती है और गाल की हड्डी से जुड़ती है। ग्लैमर से जुड़े और खासकर मेट्रोसिटीज में लोग गुड लुकिंग और अट्रेक्टिव दिखने कास्मेटिक सर्जरी करा रहे है जो कि आधे घंटे का प्रोसिजर होता है जिसमें 60 से एक लाख रुपये का खर्चा आता है। इसका मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी है जो अक्सर सकारात्मकता, सौभाग्य और प्राकृतिक सुंदरता का प्रतीक माना जाता है और ऐसे लोग अधिक मिलनसार और आकर्षक माने जाते हैं।

# ताजमहल चांदनी रात की दुधिया रोशनी में चमकता है, वहीं धूप में प्रकाश का होता है परावर्तन

**भिलाई ।** भारतीय सांस्कृतिक निधि के दुर्ग भिलाई अध्याय द्वारा 'सांस्कृतिक संपदाओं का क्षरण व संरक्षण विषय पर रोचक परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिला स्थाई व निरंतर लोक अदालत की अध्यक्ष सुषमा लकड़ा के मुख्य आतिथ्य में भिलाई निवास में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की लखनउ स्थित राष्ट्रीय सांस्कृतिक संपदा संरक्षण अनुसंधान प्रयोगशाला के वैज्ञानिक डॉ. संजय प्रसाद गुप्ता ने शोध पर आधारित विद्वतापूर्ण व्याख्यान दिया। उन्होंने पुरातत्त्वीय महत्व की इमारतों, मंदिरों आदि के क्षरण के कारणों और संरक्षण के तरीकों से अवगत कराया। विश्व के सातवें अजूबे माने जाने वाले ताजमहल की विशिष्टताओं की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि पूर्णिमा की रात चांदनी ताजमहल के संगमरमर पत्थरों पर दूध की तरह लुढ़कती दिखती है। जबकि सूर्य की रोशनी में वही सारे पत्थर एक ही तरह का परावर्तन करते हैं। उन्होंने राजिम मंदिर के दरवाजे की नक्काशी, मैनपाट की दलदली की हिलती धरती से लेकर बहुत सारी जानकारी उन्होंने दी।





लकड़ा ने पुरातत्व महत्व की संपदाओं के संरक्षण से संबंधित कानूनों को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि कानूनी रूप से पुरातात्विक संपदाओं को संरक्षित करने का संवैधानिक कर्तव्य है। संपदाओं को क्षति पहुंचाने, चुराने, बेचने पर आर्थिक दंड व सजा के के प्रावधान है। उन्होंने लोक अदालत में बिना खर्चे व वकील के बिना न्याय पाने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया। संयोजक डॉ हंसा शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए इंटेक की गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में कवि शरद कोकास, वरिष्ठ साहित्यकार परदेसी राम वर्मा, रंगकर्मी अनिता व विभाष उपाध्याय, चित्रकार डॉ. सुनीता वर्मा, महेश चतुर्वेदी, राजेन्द्र राव आदि ने परिचर्चा में भाग लिया। वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विशेषताओं के बारे में बतालाते हुए आभार प्रदर्शन किया। शिक्षाविद् डॉ. डीएन शर्मा ने परिचर्चा का संचालन करते हुए नदी-तालाबों व वनों के संरक्षण के लिए जनचेतना जागृत पर बल दिया। इस अवसर पर पुनीत चौबे, कांति भाई सोलंकी, रविन्द्र खंडेलवाल, प्रीति अजय बेहरा, दीपक दास, रत्ना नारमदेव आदि मौजूद थे।

### इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक से स्टूडेंट्स में वैज्ञानिक सोच और दक्षता का होगा विकास

**भिलाई।** इंडियन इंस्टिट्यूशन ऑफ इंडसट्रियल इंजीनियरिंग भिलाई चैप्टर की मासिक बैठक वर्चुअल माध्यम से जूम



मीटिंग के जरिए हुई। अध्यक्षता भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व अधिकारी एवं चैप्टर के वाइस चेयरमैन घनश्याम कुमार देवांगन ने की। बैठक में छात्रों की शैक्षणिक और व्यावहारिक दक्षताओं को बढ़ाने के लिए इंडसट्रियल इंजीनियरिंग तकनीकों को उनके गतिविधियों में समाहित करने पर विशेष जोर दिया गया।

घनश्याम देवांगन ने बताया कि स्कूल-कालेजों में इंडसट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक पर आधारित विशेष सत्रों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, दक्षता एवं कार्य क्षमता का विकास होगा। इसके तहत जुलाई माह से ही स्कूल एवं कॉलेजों में इंडसट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक के उपयोग से विद्यार्थियों के शैक्षिक उन्नयन हेतु समय-समय पर विशेष सेमीनारों के आयोजन का सिलसिला आरंभ किया जाएगा। बैठक में चैप्टर सचिव अवनीश दुबे, नागेश्वर राव, संयंत्र के महाप्रबंधक डीएम नायक, पूर्व अध्यक्ष एचके देसाई, अवनीश दुबे, विवेक गुप्ता, एसके डोगरा, कमलेश गुप्ता, वीके सिंह, मोहम्मद आरिफ खान, नागेश्वर राव सहित अन्य मौजूद थे।

## राष्ट्र सेविका समिति ने सुविख्यात समाज सेविका केलकर को याद किया

# मां की तरह करें प्रकृति की सेवा, लक्ष्मी बाई केलकर के प्रयासों से शुरू हुआ जल संरक्षण

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** चिंतामयी, स्नेही एवं ममतामयी होना तो नारी के आभूषण है। राष्ट्र सेविका लक्ष्मीबाई केलकर पर्यावरण को केवल संसाधन नहीं, बल्कि माँ मानती थीं। उनका मानना था कि सभी को अपनी माँ की तरह ही प्रकृति की भी सेवा करनी चाहिए। प्लास्टिक, रासायनिक खादों और भोगवादी संस्कृति से दूरी बनाना आवश्यक है। उनकी प्रेरणा से कई स्थानों पर जल संरक्षण, जैविक खेती और वर्षा जल संचयन के प्रयास शुरू हुए।यह सार गर्भित बातें लक्ष्मीबाई केलकर की जयंती कार्यक्रम के दौरान प्रांत व्यवस्था प्रमुख अश्वनी नागले ने कही।



#### आषाढ़ शुक्ल दशमी के अवसर पर मना संकल्प दिवस

राष्ट्र सेविका समिति द्वारा लक्ष्मीबाई केलकर की जयंती आषाढ शुक्ल दशमी के अवसर पर गजानन मंदिर हुडको भिलाई में संकल्प दिवस के रुप में मनाया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रांत सह प्रचार प्रसार प्रमुख अंशु सिंह चौहान ने कहा कि "दृढ संकल्प, असीम ईश्वर भक्ति के बल पर व्यक्ति कैसे गढ़ता जाता है इसकी झलक लक्ष्मी बाई केलकर के जीवन से मिलती है। दृढ़ संकल्पिता लक्ष्मीबाई केलकर ने 1936 के विजयादशमी के दिन राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना कर अनगिनत स्त्रियों के जीवन का मार्ग प्रशस्त किया। वह समर्पण, सेवा भाव, सत्यनिष्ठा, सहनशीलता एवं प्रखर राष्ट्रभक्त की प्रतिमूर्ति थी। उन्होंने परिवार को प्रथम एवं राष्ट्र और परिवार की आधारशिला स्त्री को माना। उनके जीवन का प्रत्येक पड़ाव हमारे लिये जीवनशिक्षा है।

#### विधवाओं को मांगलिक कार्यों में आमंत्रित कर की नए अध्याय की शुरुआत

लक्ष्मी बाई के केलकर को उनकी आत्मीयता के कारण मौसी के नाम से सम्बोधित किया जाता है। उनके विचारों की व्याख्या करते हुए विभाग कार्यवाहिका राखी विश्वास ने कहा कि मौसी ने बताया कि स्वदेशी हमारे लिए इसलिए जरूरी है क्योंकि यह देश की आत्मनिर्भरता को मजबूत कर हमारे किसानों, कारीगरों और छोटे उद्योगों को सीधा लाभ देता है। इससे विदेशी निर्भरता कम और अपनी सांस्कृतिक पहचान बढ़ती है। सामाजिक समरसता को लेकर मौसी ने कहा था कि समरस का अर्थ है मिलकर एक हो जाना। उन्होने ने अपने घर में समाज में हेय दृष्टि से देखे जाने वाले निम्न वर्गीय लोगों को काम पर रख एवं विधवाओं को अपने घर के मांगलिक कार्यों में आमंत्रित कर एक नए अध्याय की शुरुआत की। नारी शिक्षा के महत्व को समझते एवं समाज को समझाते हुए एक विशेष बालिका विद्यालय वर्धा में स्थापित की जो आज भी प्रखर रूप से संचालित है। महात्मा गाँधी के आवाहन पर मौसी का अपने स्वर्ण आभूषण दान करना उनके राष्ट्र प्रथम के भाव को दर्शाता है।

#### सेविका के जीवन का प्रमुख लक्ष्य संपर्क

प्रांत व्यवस्था प्रमुख अश्वनी नागले ने लक्ष्मीबाई केलकर की दृष्टि में सेविका कैसी हो के बारे में बताया कि सेविका के जीवन का प्रमुख लक्ष्य अधिकाधिक प्रवास एवं सम्पर्क होता है। मौसी अपने आचरण से उदाहरण गढ़ती थी। कार्यकर्ता नहीं-कार्य श्रेष्ठ, कार्य मेरा नहीं-समिति का, हमारा परिचय-एक सेविका, मैं पद पर नहीं-मुझे दायित्व मिला है, अहम् से वयम् की ओर, जैसे व्यक्तित्व का निर्माण करने वाली संकल्पिता को समारोह में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

सिटी इवेंट

## सावन के सदाबहार गीतों को गायकों ने दी अपनी आवाज



**भिलाई।** सावन और बारिश के सुमधुर गीतों की प्रस्तुतियों का आयोजन रशियन काम्प्लेक्स सेक्टर 7 में किया गया। आरके म्यूजिक स्टूडियो में यह आयोजन हुआ। गीतों की श्रृंखला के प्रथम एपिसोड में महिला एकल गीतों की प्रस्तुति दी गई। अंचल की लोकप्रिय गायिकाओं में गीता सोनी, शिप्रा मंडल, मंजीता भारद्वाज और मीनल गोखले ने अपनी उत्कृष्ट गायकी से दर्शकों और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। रिमझिम बारिश के मौसम को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम में शांताराम वानखेड़े ने अपने मंच संचालन और एंकरिंग द्वारा दर्शकों और श्रोताओं को प्रभावित किया। आयोजक महेश कुमार विनोदिया द्वारा धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में जितेन्द्र टांडी, कविश गोखले, सरोज मंडलोई,मधु विनोदिया, ऋषभ राज एवं दुर्ग - भिलाई क्षेत्र के संगीत प्रेमी उपस्थित थे।

सिटी लाइव

## गीता आधारित सफलता के सूत्र पर परिचर्चा, जुटे विषय विशेषज्ञ



**भिलाई।** इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंजीनियर्स लोकल चैप्टर एवं चिन्मय मिशन भिलाई केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिनों का ज्ञान यज्ञ, इंजीनियर्स भवन सिविक सेंटर में आयोजित किया गया। विभीषण गीता पर आधारित सफलता के निश्चित सूत्र पर आचार्य राघवेंद्र चैतन्य द्वारा अनुपम व्याख्या दिया गया। प्रथम दिवस पुनीत चौबे, अध्यक्ष, बसंत साहू सचिव इंस्टीट्यूशन ऑफ़ इंजीनियर्स, शैलेन्द्र कुमार शर्मा प्रेजिडेंट ने ब्रह्मचारी का स्वागत एवं उद्बोधन दिया। सचिव चिनमय मिशन ने उमेश उपाध्याय मिशन का उद्देश्य, परिचय एवं विषय का विवरण दिया। ब्रह्मचारी ने इच्छा, मान निर्भीकता और सफलता की व्याख्या और विभीषण गीता की व्याख्या की। दैनिक जीवन में उपयोगिता की सरल भाषा में जानकारी दी।

समाज इवेंट

## कुम्भकार समाज के तीसरी बार अध्यक्ष बने इंद्र कुमार कुंभकार



द्र कुमार कुंभकार

**भिलाई।** कुंभकार समाज का तीसरी बार अध्यक्ष इंद्र कुमार कुंभकार को अध्यक्ष बनाया गया है। नयापारा कुंभकार समाज के पूरा सदस्य एवं सलाहकार की उपस्थिति में निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की गई। उनके अलावा उपाध्यक्ष महेश कुंभकार, सचिव यशवंत कुंभकार, पंच गणेश कुम्भकार, कृष्णा कुंभकार, रमेश चक्रधारी, हरि राम चक्रधारी, राजू कुम्भकार सहित जिला प्रतिनिधि के रूप में मानसिंह कुंभकार को नियुक्त किया गया है। बैठक में समाज के जिला अध्यक्ष महेश भोरे, उपाध्यक्ष मनजीत कुंभकार, कोषाध्यक्ष कमल नारायण कुंभकार ,सचिव सुखसागर कुंभकार और प्रदेश के उपाध्यक्ष लक्ष्मी कुंभकार उपस्थित थे।

समाज इवेंट

## गुरुपूर्णिमा का पावन पर्व कल गायत्री मंदिरों में होंगे यज्ञ-हवन

**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6, गायत्री साधना केन्द्र रिसाली बस्ती, शिव गायत्री मंदिर रिसाली सेक्टर, प्रज्ञापीठ रामनगर मुक्तिधाम, शारदा पारा केम्प -2 पॉवर हाउस भिलाई, उम्दारोड भिलाई-3, शांतिनगर सुपेला, कोहका, कुरूद, छावनी बस्ती, गायत्री शक्तिपीठ स्टेशन रोड दुर्ग, प्रज्ञापीठ कादम्बरी नगर दुर्ग, गायत्री मंदिर कसारीडीह दुर्ग, बघेरा, उतई सहित अंचल के सभी गायत्री मंदिरों में गुरुपूर्णिमा का पावन पर्व 10 जुलाई गुरुवार को श्रद्धा एवं भक्तिभावपूर्वक मनाए जाएंगे। इन सभी स्थानों में सुबह दैनिक आरती अभिषेक, अखण्ड जप, ध्यान साधना के बाद सुबह 9 बजे से गायत्री यज्ञ आयोजित किया जाएगा। गायत्री परिवार के कार्यकर्ता अपने आराध्य रूपेण गुरु गायत्री परिवार के संथापक वेदमूर्ति पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं गुरुमाता भगवती देवी शर्मा को सूक्ष्म रूप में विराजमान मानते हुए गुरुपूजन का क्रम संपन्न करेंगे। यज्ञ हवन के बाद प्रसाद वितरण किए जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारी हेतु संस्थान प्रमुख कार्यकर्ताओं द्वारा गोष्ठी की गई, जिसमें वासुदेव शर्मा, एसपी सिंह, मोहन उमरे, रामस्वरूप साहू, डॉ. एस. कुमार, मूलचंद वर्मा, समय लाल साहू, शारदा गोयल, सांता साहू, पृथ्वीपाल साहू, श्याम विश्वकर्मा, प्राणेश विश्वास, मीनाक्षी विस्वास, लक्ष्मणदेवांगन, आनंदी सिन्हा, जगन्नाथ सोरी शामिल हुए।

नीलाद्री विजय : मंदिर में मंगल प्रवेश के साथ भक्तों ने किया प्रभु के दर्शन

# रूठी लक्ष्मी को मनाने महाप्रभु ने दिया साड़ी और श्रृंगार का सामान, जेठ ने समझाया तो मिला मंदिर में प्रवेश

**भिलाई।** मौसी के घर लौटने के बाद पिछले चार दिनों तक मंदिर के बाहर रथ में ही बैठे भगवान ने मंगलवार को अपने धाम श्रीमंदिर में प्रवेश कर ही लिया। जहां महाप्रभु द्वारा माता लक्ष्मी को बिना बताए मौसी के घर जाने के कारण उनके गुस्से का सामना करना पड़ा। प्रभु ने माता को बहुत मनाया तब भी नही मानी, लेकिन जब बड़े भैया बलभद्र माता के जेठ ने समझाया कि जगन्नाथ जी द्वारा उनके लिए साड़ी, श्रृंगार का सामान और मिठाई लाने में देरी हो गई, तब जेठ की बातों का मान रखते हुए बात बनी और माता लक्ष्मी को उनका पसंदीदा रसगुल्ला खिलाया गया तब तीनों भाई बहनों को श्री मंदिर में प्रवेश मिल सका और नीलाद्री विजय की भक्तों ने खुशिया मनाई। नीलाद्री विजय की रस्म के बाद जगन्नाथ महाप्रभु के रथयात्रा महोत्सव का समापन हुआ। आज श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 4 में महाप्रभु ने मंदिर में प्रवेश कर भक्तों को दर्शन दिया। नीलाद्री विजय का संपूर्ण कार्यक्रम पुरोहित पीतबास पाढ़ी ने संपन्न किया। रथ यात्रा महोत्सव 2025 के तहत महाप्रभु 5 जुलाई को बाहुड़ा रथयात्रा संपन्न कर श्री मंदिर वापस लौट आए थे। परंतु महाप्रभु से रुष्ट लक्ष्मी जी ने मंदिर का पट नहीं खोला, अतः महाप्रभु विगत चार दिनों से रथ में ही विराजमान रहे। आज महाप्रभु ने मां लक्ष्मी को मनाया और मां लक्ष्मी ने श्री मंदिर के पट महाप्रभु श्री जगन्नाथ स्वामी के लिए खोले। इसके साथ ही महाप्रभु का मंदिर प्रवेश कार्यक्रम संपन्न हुआ और उनकी महा आरती की गई। भक्तों में महाभोग वितरण भी किया गया।



### पुरी की तरह सभी संस्कार किए गए

सेक्टर-4 स्थित श्री मंदिर में आयोजित नीलाद्री विजय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। वे विधि-विधान से आयोजित इस पारंपरिक कार्यक्रम में शामिल हुए। पुरी में होने वाली प्रक्रिया की ही तरह यहां भी सारे संस्कार किए गए। महाप्रभु के मंदिर में प्रवेश के बाद विशेष आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल हुए। सभी ने आरती के बाद भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही प्रसाद ग्रहण किया।

### इनका रहा योगदान

इस उत्सव में जगन्नाथ समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी व महासचिव सत्यवान नायक सहित त्रिनाथ साहू, भीम स्वांई, बीसी बिस्वाल, अनाम नाहक, डी त्रिनाथ, वृंदावन स्वांई, प्रकाश दास, कालू बेहरा, निरंजन महाराणा, बसंत प्रधान,रंजन महापात्र, प्रकाश स्वांई, सुशान्त सतपथी, एस सी पात्रो, जगन्नाथ पटनायक,रवि स्वांई, बीस केशन साहू, कवि बिस्वाल, सीमांचल बेहरा,वी के होता, एस दलाई, कैलाश पात्रो ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### मौसमी फल और व्यंजनों का लगाया भोग



जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 में मंगलवार सुबह भगवान का स्नान कराया गया। ,भगवान को पाट वेश धारण कराकर सुगंधित फूलों की माला अर्पित की गई। आम, अमरुद, नाशपति, अनानास, एवं मौसमी फलों का भोग लगाया गया। वही दोपहर भोजन में सुखे व्यंजनों का भोग लगाकर भक्तों में प्रसाद बांटा गया। से 6 मंदिर में शाम 5 बजे भगवान जगन्नाथ ने सबसे पहले शिव शंकर के दर्शन कर उनकी पूजा अर्चना की। उसके बाद माता लक्ष्मी को आधा घंटे तक मान मनुव्वल किया गया तब लक्ष्मी माता ने उन्हें मंदिर में प्रवेश दिया। इस आयोजन में पं. तुषार कांत माहापात्र, समिति के अध्यक्ष दिलीप महंती महासचिव अरुण पंडा, ललित पाणिग्रही, गजेंद्र पंडा, रविंद्र साहू, शरद विशाल, जितेंद्र भूइंया, सन्यास साहू, संजय साहू, सुभाष साहू, रविंद्र मुनी, प्रशांत सामल, शशिभूषण महंती, दंडासी पटनायक, हरि रावत, प्रभात त्रिपाठी, नीलमणि नायक, राजेंद्र पंडा, संतोष महाराणा, सीमांचल महंती, बलराम रथ, गौरी साहू, राजीव भूइयां सहित काफी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे ।

सम्मान समारोह

## बीएसपी से सेवानिवृत्त पद्मकिशोर का आंध्र समाज ने किया सम्मान





**भिलाई।** आंध्र साहित्य समिति ने आकाशगंगा स्थित इंडियन कॉफी हाउस में बीएसपी से 36 वर्षों की दीर्घ सेवा के बाद एम पद्मकिशोर की सेवानिवृत्ति पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह में आंध्र साहित्य समिति के पदाधिकारियों समेत आंध्र समाज से संबद्ध अखिल भारतीय तेलुगु सेना, प्रजा सेवा समिति, श्री साईंनाथ जनसेवा समिति, घंटशाला चैतन्य वेदिका, यादव समाज, आंध्र महिला मंडली, श्रीकोदंडा रामालयम तथा कलांजलि नाट्य संस्था के प्रमुख व्यक्तियों ने सेवानिवृत्त पद्मकिशोर का फूलमालाओं, शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया। स्मरणीय है कि संयंत्र प्रबंधन उत्कृष्ट कार्यों और योगदान के लिए उन्हें जवाहरलाल नेहरू एवार्ड से भी नवाज चुका है। सम्मान समारोह की शुरुआत पद्मकिशोर को तिलक लगाकर की गई। समारोह को संबोधित करते हुए आंध्र साहित्य समिति के अध्यक्ष पीवी राव ने पद्मकिशोर की चारित्रिक विशेषताओं के बारे में बताया कि वे न केवल परिचितों के प्रति सेवा भाव रखते हैं, बल्कि राह चलते अनजान लोगों को कोई दिक्कत होने पर उनकी तात्कालिक मदद के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। समिति के सचिव पीएस राव ने कहा कि संयंत्र के विकास तथा प्रगति में उनका योगदान महत्वपूर्ण है ही, साथ-साथ बालाजी मंदिर में आयोजित सभी कार्यक्रमों में उनकी सक्रियता हम सबको प्रेरित करती है। उपाध्यक्ष बीए नायडु ने समारोह का संचालन करते हुए कहा कि पद्मकिशोर के लिए सेवानिवृत्ति महज एक पड़ाव है। इस मौके पर पद्मकिशोर की सहधर्मिणी एम पद्मजा पति के सम्मान से अत्यधिक भावुक नजर आई। समारोह का समापन पुत्र एम विष्णुवर्द्धन के गायन से हुआ। विष्णुवर्द्धन गायक के साथ-साथ म्यूजिक कंपोजर भी हैं। समारोह में पेरि पद्मा, पी मंजूश्री, पी उमा, डी मोहन राव, के लक्ष्मीनारायण, कृष्णमूर्ति पात्रो, डी गोपीवेणी, नीलम माला, ज्योति महेश, के राजू, ई आदिनारायण, सीएच श्रीनिवास, जी रामाराव, जी राजू, के डिल्लीराव, बी आनंद समेत बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

जागरुकता कार्यक्रम

## स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने बच्चों को हाथ धुलाई के फायदों की दी जानकारी



**अकलोरडीह स्कूल में चलाया जागरुकता अभियान**

**भिलाई।** शासकीय प्राथमिक शाला अकलोरडीह में स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा शाला में छात्र-छात्राओं को हाथ धुलाई व उसके लाभ के बारे में बताया गया। जानकारी दी गई कि खाना खाने से पहले हाथ धोना क्यों आवश्यक है। बच्चों को बताया गया कि हाथों में संक्रमण की संभावना रहती है, इस वजह से नियमित रूप से हाथ धोना आवश्यक है। इस जागरूकता अभियान के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता हर्षा, शाला के प्रधान पाठक डीआर सहारे, शिक्षक पुष्पलता वर्मा, रिचा देवी, पुष्पा बोरकर, शिमला मरकाम उपस्थित थे।

## चौदस पूर्णिमा आज, गुरु महिला का होगा पाठ

**भिलाई।** मानिकपुरी पनिका समाज द्वारा 9 जुलाई को चौदस पूर्णिमा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे के मध्य आयोजित है। सुबह 12 बजे गुरु महिमा का पाठ होगा। दोपहर साढ़े 12 बजे भजन और प्रवचन होगा। दोपहर तीन बजे महाप्रसाद का वितरण होगा। शाम के समय संध्या आरती, गुरु पूर्णिमा पर विशेष प्रवचन होगा। इसके बाद कार्यक्रम का समापन होगा। यह जानकारी मानिकपुरी पनिका समाज के सचिव ने दी।

शिक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में अनूठा प्रयास

# रावघाट के 200 बच्चों को दिए स्टेशनरी और घड़ी उपहार, खेल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** आदिवासी अंचल स्थित रावघाट में ट्विनसिटी के सामाजिक सेवाभावी लोगो ने स्कूली बच्चों की जरुरत को जानते हुए उनके बीच जाकर 200 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, कॉपियाँ, लेखन सामग्री और घड़ी सहित अन्य सामान वितरित किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी इस अवसर पर ग्रामीणों में भी उत्साह दिखाई दिया। समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय गैर सरकारी संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन ने आदिवासी अंचल स्थित रावघाट के ग्रामीणों के बीच वहां आयोजित कार्यक्रम में जरूरत का सामान वितरित किया। इस दौरान विविध सांस्कृतिक व खेलकूद से जुड़ी गतिविधियां भी कराई गई।





### छात्राओं ने वॉलीबॉल मैच में लिया भाग



फाउंडेशन का यह आयोजन सिर्फ जरूरत के सामान के वितरण तक सीमित नहीं रहा,बल्कि इन ग्रामीण बच्चों के आत्मविश्वास को और मजबूत करने, उनकी खेल भावना और सांस्कृतिक प्रतिभा को निखारने मंच भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण छात्राओं ने शानदार वॉलीबॉल मैच में भाग लिया तथा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। फाउंडेशन की ओर से संयोजक प्रदीप पिल्लई ने कहा कि इस प्रेरणादायी पहल ने न सिर्फ बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी, बल्कि यह संदेश भी दिया कि शिक्षा, खेल और संस्कृति के संगम से ही एक समृद्ध और आत्मनिर्भर समाज की नींव रखी जा सकती है। एसएसबी के कमांडेंट अरूण देवगम ने कहा कि 28वीं वाहिनी और गोल्डन एम्पैथी फाउंडेशन का यह प्रयास निश्चित ही आने वाली पीढ़ियों को आगे बढ़ने की दिशा में प्रेरित करेगा। इस अवसर पर एसएसबी के उप कमांडेंट राजन राय, सहायक कमांडेंटगण भारत भूषण, संतोष कुमार और मोहित पापनई तथा फाउंडेशन से संजय मिश्रा, केवी विनोद और सारांश मिश्रा मौजूद थे।

### एसएसबी के जवान रहे तैनात

भिलाई स्टील प्लांट की लौह अयस्क खदान रावघाट के लिए रेल लाइन बिछाने के कार्य की सुरक्षा में तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 28वीं वाहिनी की निगरानी में जीई फाउंडेशन ने यहां के कोसरांडा, रावघाट एवं बैहासाल्हेभाठ गांव के विभिन्न विद्यालयों राजकीय उच्च प्राथमिक शाला कोसरोंडा, प्राथमिक शाला रेखाभाट, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमापाल तथा प्राथमिक शाला सतीघाट में अध्ययनरत 200 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, कॉपियाँ, लेखन सामग्री एवं हाथ घड़ियाँ वितरित की।

## सिटी स्पोर्ट्स

### पैराकेनो की वर्कशॉप आज से राज्य में पहली बार प्रशिक्षण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड केनोईंग एसोसिएशन के द्वारा 09 व 10 जुलाई को पैराकेनो की वर्कशॉप राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के कार्यालय इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। इसमें राज्य के पैराकैनो के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने कई शीर्षस्थ खिलाड़ी आ रहे हैं। इनमें 2025 एशियन पैराकैनो चैम्पियनशिप पटाया थाईलैंड में तीन स्वर्ण पदक, व एक रजत पदक हासिल करने वाली भारतीय कायाकिंग एंड केनोइंग एसोसिएशन की ओलम्पियन खिलाड़ी अर्जुन अवार्डी प्राची यादव, एशियाई पैरा गेम्स 2023 में कांस्य पदक जीतकर पुरुष वर्ग में भारत को पदक दिलाने वाले भारतीय कायाकिंग एंड केनोइंग एसोसिएशन के पैरा खिलाड़ी मनीश कौरव के साथ पैरा केनो कोच विपिन जी मौजूद रहेंगे। पैराकैनो कई प्रकार की शारीरिक अक्षमताओं (विकलांग ) वाले एथलीटों के लिए कैनोइंग है। खेल का पैरालिंपिक संस्करण अंतर्राष्ट्रीय कैनो फेडरेशन (आईसीएफ), के द्वारा संचालित किया जाता है जिसे भारत में आईकेसीए के द्वारा संचालित किया जाता है। उक्त खेल की शुरुवात अब छत्तीसगढ़ में की जा रही है।

### अंडर-19 में धनंजय का शानदार प्रदर्शन

**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी द्वारा



मेंस अंडर 19 इंटर स्टेट मल्टी डे अभ्यास मैच जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित बंगाल, केरला, पांडेचेरी, हिमाचल प्रदेश आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। 07 - 08 जुलाई को छत्तीसगढ़ का तीसरा मैच बंगाल के विरुद्ध पुडुच्चेरी में खेला गया। बंगाल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ अंडर-19 ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 70.2 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 173 रन ही बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से धनंजय नायक ने 44 रन, गुणवंत अवस्थी ने 33 रन तथा वेदांश खेड़िया ने 29 रनों का योगदान दिया। अन्य कोई भी बल्लेबाज लंबी पारी खेलने में नाकाम रहे। बंगाल की ओर से अर्जुन ने 4 विकेट तथा वीराट ने 3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक बंगाल ने 17 ओवरों में 2 विकेट खोकर 61 रन बना लिये हैं। बंगाल की ओर से जगमोहन गुप्ता ने नाबाद 26 रन तथा सायन पॉल ने नाबाद 17 रनों का योगदान दिया छत्तीसगढ़ अंडर 19 की ओर रुद्र प्रताप तथा दिवाकर ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। बंगाल को मैच जीतने हेतु 113 रनों की आवश्यकता है।

### शालेय टेटे में बच्चों ने दिखाया दम



**भिलाई।** दुर्ग जिला शिक्षा विभाग की ओर से दुर्ग जिला शालेय टेबल टेनिस चयन प्रतियोगिता श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में अंडर-14, 17 और 19 वर्गों में आयोजित की गई। अंडर-14 के परिणाम तोमेश साहू ने ऋतुराज को 2-0 से ईशान टांडी ने गौरव दास को, 2-0 से आयुष नाग ने अनुराग सेलकर 2-0 को और तोमेश साहू ने अनुराग शेलकर को 2-0 से पराजित किया। अंडर 17 में योगराज देवांगन ने आदित्य प्रसाद को 2-0 से, अरमान सोनवानी ने ऋषभ चंद्राकर को 2-0 से, वैभव साहू ने अरमान सोनवानी को 2-1 से और भुनेश्वर साहू ने वैभव साहू को 20 से पराजित किया। अंडर-19 में ड्रोण कुमार ने राजू कुमार सिंह को 2-0 से, साहिल जांगड़े ने ड्रोण कुमार को 2-0 से और ड्रोण कुमार ने सागर सोनकर को 2-1 से पराजित किया इन मैचो के पश्चात अंडर-14 में आयुष नाग, इशांत तांडी, तोमेश साहू अनुराग सेलकर गौरव दास, अंडर 17 रितेश निषाद, भुनेश्वर साहू, वैभव साहू अरमान सोनवानी एवं ऋषभ चंद्राकर,मंगेश सेन, साहिल जांगड़े ड्रोण कुमार, सागर सोनकर एवं कुबेर साहू विजेता रहे। इस चयन स्पर्धा की अंपायर सूची कुमारी, सुशील कुमार मिश्रा एवं मुख्य निर्णायक अंतरराष्ट्रीय अंपायर विनोद देवघरे थे। इस चयन स्पर्धा के अवसर पर सुनील कुमार डड़सेना, रंजीता दास.राखी बाजपेयी, शकीला देवदास एवं गीतांजलि पाठक सहित स्कूलों के व्यायाम शिक्षक उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय भारोत्तोलन 13 को

**रायपुर।** प्रदेश स्तरीय तीसरे अस्मिता खेलो इंडिया लीग सब- जूनियर,( बालिका ), जूनियर सीनियर ( महिला) भारोत्तोलन प्रतियोगिता 13 जुलाई को मिडिल स्कूल महुदा झीट पाटन में आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता 8 समूहों में होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के 125 बालिका/ महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैंप्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन की टीम का चयन किया जाएगा जो सितम्बर माह में हावड़ा में प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन सुबह 10 बजे होगा।

---

पोर्शन कण्ट्रोल का चलन अपनाने में बुराई नहीं, लेकिन एहतियात बरतें

# हेल्दी लाइफ के लिए पोर्शन कंट्रोल का मतलब नहीं है भूखे रहना, कुछ टिप्स अपनाकर रहिए संतुष्ट

अक्सर यह देखने में आता है कि लोग पोर्शन कंट्रोल करने के चक्कर में अक्सर भूखे रह जाते हैं। जबकि अगर आप चाहें तो कुछ टिप्स अपनाकर पोर्शन कंट्रोल करते हुए भी भरपेट खा सकते हैं।

अक्सर यह देखने में आता है कि लोग जब भी हेल्दी लाइफ की तरफ बढ़ते हैं तो ऐसे में सबसे पहले पोर्शन कण्ट्रोल करना शुरू करते हैं। वे अपने हर निवाले को गिनना शुरू कर देते हैं और अपनी थाली में से खाना कम कर देते हैं। लेकिन इससे कहीं ना कहीं उन्हें पूरा दिन भूखे होने का अहसास होता है। साथ ही साथ, पेट भरे ना होने की वजह से उनका मूड ऑफ रहता है, शरीर में एनर्जी महसूस नहीं होती। यहां तक कि उन्हें तरह-तरह की फूड क्रेविंग भी होती है।

अमूमन लोगों का मानना होता है कि पोर्शन कंट्रोल का मतलब भूखा रहना या अपने फेवरेट खाने को छोड़ना होता है। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है, बल्कि इसका मतलब है कि आप बस थोड़ा समझदारी से खाना खाएं। आपको इस तरह से खाना सीखना चाहिए, जिससे आपका पेट भी भरा रहे, मन भी खुश रहे और हेल्थ गोल्स पर भी नेगेटिव असर ना पड़े। अगर आप भी अच्छा खाना चाहते है और उसका पेट भरकर आनंद लेना चाहते हैं तो कुछ टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं। सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन ऋतु पुरी कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रही हैं, जिन्हें फॉलो करके आप पोर्शन कंट्रोल करते हुए भरपेट खाना खा सकते हैं-



### सबसे पहले सब्जियां खाएं

जब भी आप अपना खाना खाते हैं तो इस बात का खास ध्यान रखें कि सबसे पहले हमेशा सब्जियां या सलाद खाएं। दरअसल, सब्जियों में कम कैलोरी होती हैं, लेकिन फाइबर व विटामिन रिच होने की वजह से वह आपका पेट भर देती हैं। इससे आप खुद ब खुद कम खाते हैं, लेकिन आपको भूखे होने का अहसास नहीं होता है।पोर्शन कंट्रोल करने का यह एक बेहद ही प्रभावी तरीका है, जो आपको भूखा नहीं रहने देता।

### हर मील में थोड़ा प्रोटीन ज़रूर लें

प्रोटीन सिर्फ आपकी मसल्स के लिए ही जरूरी नहीं है, बल्कि यह आपके पेट को लंबे समय तक भरे होने का अहसास भी करवाता है। दरअसल, प्रोटीन को पचाने में टाइम लगता है, जिससे आपको जल्द भूख नहीं लगती। साथ ही साथ, इस तरहपोर्शन कंट्रोल करते हुए आपको खुद को भूखा रखने की जरूरत नहीं होती। हमेशा अपनी डाइट में पनीर, अंडा, दाल, दही, टोफू या चिकन आदि को जरूर शामिल करना चाहिए।



कई बार यह देखने में आता है कि लोग जब भूखे होते हैं तो ऐसे में एकदम बहुत ज्यादा खा लेते हैं और पोर्शन कंट्रोलकरने के चक्कर में उन्हें भूखा रहना पड़ता है। लेकिन क्या आपको पता है कि लोग कई बार प्यास को भूख समझ लेते हैं। इसलिए, खाने से पहले पानी पीने की आदत डालें। एक गिलास पानी पेट में जगह भर देता है, जिससे आपपोर्शन कंट्रोल करते हुए भी पेट भरे होने का अहसास करेंगे।

### मील टाइम करें फिक्स

यह एक छोटा सा टिप है, लेकिन आपके बेहद काम आ सकता है। कई बारपोर्शन कंट्रोल करने के लिए लोग मील स्किप करना शुरू कर देते हैं। लेकिन इससे ना केवल बाद में बहुत तेज भूख लगती है, बल्कि मेटाबॉलिज्म भी स्लो होता है। वहीं, तय समय पर खाना खाने से हंगर हार्मोन को रेगुलेट करने में मदद मिलती है। आपको यह समझ आने लगता है कि आपको कब वास्तव में खाना चाहिए और कब आप सिर्फ बोर होने पर कुछ खाना चाहते हैं। इस तरह आपको बेवजह भूखा नहीं रहना पड़ता।



---



# फिटनेस से स्किन केयर तक बढ़ती उम्र में बेस्ट रहेंगे ये मॉर्निंग रूटीन

क्या आपकी उम्र 30 होने जा रही है? अगर हां, तो अभी से ही सेहत का ख्याल रखना शुरू कर दीजिए। आपको कुछ ऐसे मॉर्निंग रूटीन के बारे में जानना चाहिए, जिससे आपको लंबे वक्त तक जवां रहने में मदद मिलेगी।

जैसे जैसे उम्र बढती है, वैसे वैसे हेल्थ डाउन होने लगता है। खासकर महिलाओं के साथ ऐसा होना आम है।जैसे ही आप 30 की उम्र पार करती हैं आपको अपने शरीर और सेहत पर थोड़ा और ध्यान देना चाहिए। इस उम्र में हार्मोनल बदलाव , मेटाबॉलिज्म का धीमा होना, स्किन और बालों से जुड़ी समस्याएं आम हो जाती हैं। अगर आप भी 30 पार करने वाली हैं, तो आपको एक्सपर्ट के बताए कुछ खास मॉर्निंग रूटीन पर अमल करना चाहिए, जिससे आपको फायदा होगा। इस बारे में हेल्थ एक्सपर्ट आइना सिंघल ने जानकारी साझा की है।

### 30+ महिलाएं इन्हें अपनाएं

**सौंफ की चाय :** सुबह सवेरे आपको सौंफ की चाय पीनी चाहिए। इससे हार्मोन बैलेंस रहता है। एसिडिटी और ब्लोटिंग से राहत मिलती है। मेटाबॉलिज्म तेज होता है और वजन घटाने में मदद मिलती है।




**सब्जा सीड्स और कलौंजी :** एक चम्मच सब्जा सीड को कलौंजी के साथ मिलकर रात भर भिगो कर रख दें। सुबह इसको छान कर पिएं। इससे शरीर को ठंडक मिलती है। एसिडिटी शांत होता है और भूख कंट्रोल होता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है।

**अंजीर और मुनक्का:** रात में दो अंजीर और चार मुनक्का पानी में भिगो दें। सुबह सबसे पहले इसका सेवन करें। इसे कब्ज से राहत मिलती है। शरीर में आयरन और ऊर्जा बढ़ता है। हार्मोन बैलेंस को सपोर्ट करता है।

**सोक्ड बादाम:** रात में काम से कम 5 या 6 बादाम को पानी में भिगो दें। सुबह उठकर छिलका हटाकर बादाम का सेवन करें। इससे पोषक तत्वों का अवशोषण बेहतर होता है। याददाशत तेज होता है। स्किन और बालों को हेल्दी और ग्लोइंग बनाता है।

**उठो और फुर्ती पाओ :** हर सुबह एक ही समय पर दिन की शुरुआत करना आपके समग्र स्वास्थ्य और उत्पादकता को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है। सुबह 5:30 या 6:00 बजे के आसपास जल्दी उठने का लक्ष्य रखें, ताकि खुद को आने वाले दिन के लिए तैयार होने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। लगातार जागने का समय आपकी आंतरिक घड़ी को नियंत्रित करता है, नींद की गुणवत्ता में सुधार करता है और ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है। एक नियमित जागने का समय आपके जीवन में अनुशासन और संरचना की भावना भी पैदा करता है। जब आप हर दिन एक ही समय पर उठते हैं, तो आपका शरीर दिनचर्या का आदी हो जाता है, जिससे बिना सुस्ती या जल्दबाजी महसूस किए अपना दिन शुरू करना आसान हो जाता है। यह निरंतरता एक सकारात्मक मानसिकता स्थापित करने में मदद करती है।



---

# नहीं होंगे ड्राई फ्रूट्स खराब, जानें लंबे समय तक स्टोर करने के स्मार्ट तरीके



ड्राई फ्रूट्स काफी महंगे होते हैं और इन्हें स्टोर करने के दौरान कुछ बातों का ध्यान रखना पड़ता है ताकि ये खराब न हों। ड्राई फ्रूट्स को स्टोर करने के लिए आपको कुछ स्मार्ट टिप्स जानना चाहिए, जिन्हें अपनाकर आप ड्राई फ्रूट्स को लंबे समय तक फ्रेश रख सकती हैं।

### एयरटाइट कंटेनर या बैग्स में करें स्टोर

ड्राई फ्रूट्स के खराब होने की सबसे बड़ी वजह से हवा और नमी है, जिनके संपर्क में आने से ये जल्दी खराब हो सकते हैं। इसलिए, आप कांच या अच्छी क्वालिटी वाले एयरटाइट कंटेनर या बैग्स में स्टोर करें, ताकि ये खराब न हो

### फ्रिज या फ्रिजर में करें स्टोर

ड्राई फ्रूट्स को लंबे समय तक खराब होने से बचाने और फ्रेश रखने के लिए आप इन्हें फ्रिज में स्टोर कर सकती हैं। फ्रिज में रखने से ये बासी नहीं होते हैं और इनकी शेल्फ लाइफ बढ़ जाती है। ड्राई फ्रूट्स को आप एयरटाइट कंटेनर में रखकर फ्रिज में स्टोर कर सकती हैं या जिपलॉक बैग में भी आप इन्हें स्टोर कर सकती हैं। अगर आप सालों तक इन्हें स्टोर करना चाहती है, तो आप इन्हें फ्रीजर में रख सकती हैं। इन्हें एयरटाइट बैग्स या कंटेनर में रख लें और इस बात का खास ध्यान रखें कि ये अच्छी तरह से सील ही गए हों, ताकि नमी पैदा न हो।

### ठंडी और सूखी जगह में करें स्टोर

ड्राई फ्रूट्स लंबे समय तक चले, इसके लिए आप इन्हें धूप और गर्मी दोनों से बचाना जरूरी है। इसलिए, इन्हें किसी ऐसी जगह रखें जहां पर धूप न पड़ती हो और गर्मी से भी दूर रखें ताकि इसकी वजह से ये खराब न हो।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

ड्राई फ्रूट्स को आप अलग-अलग स्टोर करें। हर बार सूखे हाथों से ड्राई फ्रूट्स को निकालें। ड्राई फ्रूट्स निकलने के बाद डिब्बे को अच्छी तरह से बंद करें। जरूरत के अनुसार आप इन्हें छोटे बैच में खरीदें।

---

# चातुर्मास में मांगलिक कार्य करने पर जरूर जानें ज्योतिष की राय



आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि के साथ चातुर्मास का आरंभ हो चुका है। इस दौरान व्रत और पूजा-पाठ करने से व्यक्ति का भाग्योदय हो सकता है और व्यक्ति की सभी परेशानियां दूर हो सकती है। चातुर्मास उस माह को कहा जाता है, जिसमें 4 महीनों के लिए सभी शुभ कामों पर रोक लगा दी जाती है। इस दौरान यहां तक की नए कपड़े खरीदने की भी मनाही होती है। अब ऐसे में सवाल है कि चातुर्मास में मांगलिक कार्य क्यों नहीं किए जाते हैं। इसका क्या कारण है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी विस्तार से बता रहे हैं।

### चातुर्मास में मांगलिक कार्य क्यों है वर्जित?

चातुर्मास का समय बेहद पवित्र माना जाता है। यह चार महीनों की अवधि होती है जो देवशयनी एकादशी से शुरू होकर देवउठनी एकादशी तक चलती है। इस समय में देवी-देवताओं का आशीर्वाद पूर्ण रूप से प्राप्त नहीं हो पाता, जिससे मांगलिक कार्यों में विघ्न आने की आशंका रहती है। चातुर्मास में जहां भगवान विष्णु शयन करते हैं, वहीं भगवान शिव और माता पार्वती सृष्टि का कार्यभार संभालते हैं। इस दौरान भगवान शिव का विशेष पूजन किया जाता है।

### चातुर्मास में ग्रहों की शुभता हो जाती है कम

भगवान विष्णु को ग्रहों का अधिपति माना गया है। जब वे विश्राम करते हैं, तो ग्रहों की सकारात्मक ऊर्जा कम हो जाती है। यही कारण है कि इस दौरान कोई भी नया मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश, या बड़े निवेश की शुरुआत करना शुभ नहीं माना जाता है। इसलिए इस दौरान ग्रहों की अशुभ स्थिति होती है। इसलिए इस दौरान सभी मांगलिक कार्य बंद हो जाते हैं।

---

कार्नर न्यूज

समाज में बढ़ती असुरक्षा की भावना भी बेटियों को विवाह से रोक रहीं

# अब बेटियां भी पीछे हट रहीं विवाह से, इस नए चलन के पीछे की वजह जानकर आप भी सोच में पड़ जाएंगे

कई लड़कियां अब शादी को लेकर संशय, डर या असहजता महसूस करती हैं और इसके पीछे सिर्फ एक नहीं, कई गहरे सामाजिक और मानसिक कारण हैं। चलिए जानते हैं आखिर क्यों आजकल की लड़कियां शादी से कतराने लगी हैं? कभी शादी को हर लड़की का सपना माना जाता था, लेकिन आज की आधुनिक, आत्मनिर्भर और जागरूक महिलाएं इस सोच को चुनौती दे रही हैं।



### स्वतंत्रता की चाह और आत्मनिर्भरता

जहां पहले के दौर में बेटियां पहले अपने पिता पर आर्थिक निर्भर रहती थीं और फिर पिता के कंधे बूढ़े होने से पहले पति पर निर्भर हो जाती थीं, वहीं आधुनिक युग की लड़कियां आर्थिक रूप से खुद पर निर्भर हैं। वह अच्छी कंपनी में नौकरी करती हैं या बिजनेसविमेन हैं। आय के मामले में भी वह किसी से कम नहीं। ऐसे में उन्हें किसी और पर टिके रहने की जरूरत महसूस नहीं होती।

### करियर को लेकर प्राथमिकता

चूंकि महिलाएं पहले से कहीं अधिक शिक्षित हो रही हैं, ऐसे में वह करियर में भी सफलता चाहती हैं। कई लड़कियां पहले अपने करियर को संवारना चाहती हैं। वह शादी को ब्रेक या जिम्मेदारी के तौर पर देखती हैं। साथ ही शादी को करियर की सफलता में अड़चन मानती हैं। इस कारण करियर में सफलता हासिल करने तक शादी नहीं करना चाहती हैं। उनकी प्राथमिकता शादी नहीं, करियर होती है।

### टॉक्सिक रिश्तों का डर

इस सदी में शादियां टूटने और तलाक के आंकड़े बढ़ने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। जब लड़कियां देखती हैं कि उनके आसपास कई शादियां टिक नहीं रहीं तो वह शादी और टॉक्सिक रिश्तों से डर जाती हैं। शादी के बाद लड़कियों की स्थिति, पति संग होने वाला गृह क्लेश आदि उन्हें ये सोचने पर मजबूर कर देता है कि कहीं उनका रिश्ता भी शादी के बाद बोझ न बन जाएं। ऐसे में वह शादी ना करना ही बेहतर समझती हैं।

### घरेलू जिम्मेदारियों का दबाव

शादी के बाद महिलाओं की जिम्मेदारी अधिक बढ़ जाती है। वह नौकरी पेशा हों या गृहणी हो, घर के सारे काम, परिवार के सभी सदस्यों की पसंद नापसंद का ध्यान रखना एक बहू का ही कर्तव्य माना जाता है। इस परंपरा पर लड़कियां खुलकर सवाल करती हैं। वह घरेलू जिम्मेदारियों के एकतरफा दबाव से बचना चाहती हैं। उनका सवाल होता है कि शादी के बाद घर की सारी जिम्मेदारी बहू पर ही क्यों है? इस विचार का सही उत्तर न मिलने पर वह शादी से दूरी बना लेना ही सही समझ लेती हैं।

### समाज की दखलअंदाजी


शादी के बाद , ये क्या पहना है?, कब बच्चे होंगे? जैसी बातें अक्सर महिलाओं की आजादी में खलल डालती हैं। शादी के बाद लड़की के जीवन में समाज की दखलअंदाजी बढ़ जाती है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## दलाई लामा से मिलने पहुंचे रिचर्ड गेरे, आशीर्वाद पाकर हुए भावुक



इन दिनों हॉलीवुड एक्टर और बौद्ध धर्म को मानने वाले रिचर्ड गेरे भारत में हैं। वह धर्मशाला में चल रहे तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा के 90वां जन्मदिन समारोह में शामिल हुए। इन दिनों दलाई लामा का 90वां जन्मदिन समारोह धर्मशाला में चल रहा है। इस मौके पर अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े नामी लोग समारोह में शामिल हो रहे हैं। हॉलीवुड एक्टर रिचर्ड गेरे भी इस खास आयोजन में शामिल हुए। एएनआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में रिचर्ड गेरे दलाई लामा को देखकर खुश और भावुक नजर आए। वह दलाई लामा के करीब जाते हैं और उनका हाथ थामकर चूमते हैं। दलाई लामा भी रिचर्ड को आशीर्वाद देते हैं। थोड़ी देर दोनों बातचीत करते हैं। फिर रिचर्ड गेरे, दलाई लामा के पीछे रखी सीट पर जाकर बैठे जाते हैं। आगे रिचर्ड दलाई लामा के जन्मदिन समारोह को देखने लगते हैं। 14वें दलाई लामा के 90वें जन्मदिन समारोह में रिचर्ड गेरे अपनी मन की भावनाएं भी साझा की हैं। वह कहते हैं, 'हमने उनके जैसा कोई इंसान नहीं देखा, वे पूरी तरह से प्रेम और ज्ञान के प्रतीक हैं। दलाई लामा संस्था को जारी रखने की घोषणा के बाद एक धार्मिक सम्मेलन में कई लामाओं ने कहा है कि दलाई लामा अब सिर्फ तिब्बत के नहीं हैं बल्कि विश्व और ब्रह्मांड के हैं। उनकी पवित्रता समय और स्थान की किसी भी सोच से परे है।'

रिचर्ड गेरे नियमित तौर पर धर्मशाला आते हैं। वह तिब्बती लोगों के मानवाधिकारों के पक्षधर हैं। वह निर्वासित तिब्बती सरकार को समर्थन देते हैं। इंटरनेशनल लेवल पर इस मुद्दे को उठाते हैं।

### टॉलीवुड

## प्रभास की स्पिरिट को लेकर नया अपडेट आया, शामिल होंगे कोरियन अभिनेता



प्रभास के फैंस उनकी नई फिल्म स्पिरिट को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह फिल्म प्रभास और निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा का एक बड़ा सहयोग है। इस फिल्म में कोरियन अभिनेता के शामिल होने की चर्चा है।

फिल्म स्पिरिट का प्री-प्रोडक्शन का काम चल रहा है। फिल्म की शूटिंग सितंबर में शूटिंग शुरू हो सकती है। चर्चा है कि साउथ कोरियाई स्टार मा डोंग-सोक (डॉन ली) फिल्म में विलेन की भूमिका निभा सकते हैं।

हाल ही में अभिनेता तरुण और श्रीकांत मेका की डॉन ली के साथ तस्वीरों ने इन अटकलों को और हवा दी है। इन तस्वीरों ने फैंस में उत्सुकता बढ़ा दी है और वे यह जानने को बेताब हैं कि पर्दे के पीछे क्या चल रहा है। जल्द ही कलाकारों की आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है।

निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म स्पिरिट की स्क्रिप्ट को बेहतर बनाने और संगीत पर काम कर रहे हैं। अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने मुख्य भूमिका में दीपिका पादुकोण की जगह ली है। यह फिल्म टी-सीरीज और भद्रकाली पिक्चर्स के बैनर तले बड़े बजट में बन रही है। संगीतकार हर्षवर्धन रामेश्वर भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। स्पिरिट को भारत और विदेशों में रिलीज करने की तैयारी है।

स्पिरिट के अलावा प्रभास हॉरर फिल्म 'द राजा साब' में नजर आएंगे। द राजा साब मारुति द्वारा लिखित और निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। इसे पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा निर्मित किया गया है। फिल्म में प्रभास मुख्य भूमिका में हैं। प्रभास के अलावा फिल्म में संजय दत्त, निधि अग्रवाल और मालविका मोहनन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### भोजपुरी

## पंजाबी सॉन्ग में दिखा भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह का स्वैग, 'पैग पग' में दिखाया जलवा



भोजपुरी क्वीन अक्षरा सिंह का नया पंजाबी गाना 'पैग पग' रिलीज हो चुका है। इस गाने में अक्षरा का स्वैग फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। अक्षरा के फैंस सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर कर रहे हैं।

भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने अपनी मेहनत और काबिलियत से बड़ा नाम कमाया है। उन्होंने भोजपुरी के साथ-साथ हिंदी और पंजाबी में भी अपनी पहचान बनाई है। अक्षरा का पंजाबी गाना पैग पग रिलीज हो चुका है। अक्षरा के इस गाने पर फैंस जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

अक्षरा ने अपने शानदार गानों और फिल्मों से दर्शकों का दिल जीता है। हाल ही में उनका एक नया पंजाबी गाना ₹पैग पग₹ रिलीज हुआ है। इसमें उनका देसी अंदाज और स्टाइलिश लुक लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। इस गाने में अक्षरा सिंह और रेहाना पंडित की जोड़ी कमाल की लग रही है। गाने को तुषार जुले ने गाया है। रिलीज होने के कुछ ही मिनटों में इस गाने को लाखों व्यूज मिल चुके हैं।

अक्षरा सिंह ने आज इंस्टाग्राम पर अपने गाने पैग पग का वीडियो शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'पेग पग का नया गाना अभी रिलीज़ हुआ है-देखिये और प्यार दीजिए।' इस गाने को देखने के बाद अक्षरा के फैंस जमकर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अक्षरा के पैग पग गाने पर कई फैंस ने जमकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक फैन ने लिखा, 'बहुत बढ़िया वाह', एक और फैन ने लिखा, 'बिहारी पावर', एक और फैन ने लिखा, 'बॉलीवुड में अक्षरा वाह क्या बात है', एक और फैन ने लिखा, 'मेहनत से मेहनत कैसे हासिल करें ये आप से कोई सीखे अपने युवा वर्ग के लिए एक आदर्श हो', एक और फैन ने लिखा, 'आप का कोई जवाब नहीं।

## साइंस के लिए फैशन



### साइड स्टाइल

मैसाचुसेट्स यूनिवर्सिटी यूएसए के मीडिया लैब में आयोजित रनवे प्रतियोगिता डेसाइंस फैशन शो में फैशन को लेकर एक अप्रत्याशित प्रेरणा दिखाई दी। आम मशहूर हस्तियों और समाजिक लोगों के बजाय, डिजाइनरों ने मॉलिक्यूलर बायोलॉजिस्ट, न्यूरो साइंटिस्ट, बायोमेडिकल इंजीनियरों, जलवायु विज्ञानियों और विभिन्न विषयों के वैज्ञानिकों से प्रेरणा ली। विज्ञान को समर्पित यह फैशन शो कुछ अलग हट कर था।

## मानसून में नहीं हो पा रहा है वैक्स तो राहत के लिए इन टिप्स की लें मदद

अगर आप भी वैक्स करने में प्रॉब्लम फेस कर रही है, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी आसान टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप आसानी से वैक्स कर सकती हैं।



### वैक्स के पहले बॉडी पर लगाए पाउडर

बरसात के मौसम में वैक्स आसानी से नहीं हो पता है।ऐसे में अधिकतर महिलाएं परेशान हो जाती है, लेकिन अब आप वैक्स करने से पहले अपनी बॉडी को अच्छी तरह साबुन लगाकर पानी से धो लें, फिर शरीर को सूखा लें। जब आपके हाथ और पैर सुख जाए, तब आप पाउडर का इस्तेमाल कर सकती हैं। अच्छी तरह पाउडर लगाने के बाद अगर आप वैक्स करेंगी, तो शायद परेशानी कम हो सकती है।

### हेयर रिमूवल क्रीम का करें इस्तेमाल

अगर आप मानसून के महीने में वैक्स नहीं कर पा रही है और इससे आपके अनचाहे बाल नहीं निकल पा रहे हैं, तो अब आप हेयर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह का क्रीम आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगा। आप उसके पीछे लिखे इंस्ट्रक्शन को फॉलो कर क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आप बिना किसी परेशानी के आसानी से अनचाहे बालों को रिमूव कर सकती हैं।

### ठंडी जगह का करें चयन

जब भी आप वैक्स करें, तो ध्यान रखें की पसीने की वजह से वैक्स करने में परेशानी हो सकती है। ऐसे में वैक्स करने से पहले आप ठंडी जगह का चयन जरूर करें। आप अपने कमरे में ऐसी ऑन कर कमरे का टेंपरेचर ठंडा होने तक वेट कर सकती हैं। उसके बाद आप वैक्स करेंगी, तो आपको ज्यादा परेशानी नहीं होगी। बहुत ज्यादा उमस वाले दिन आप वैक्स करने से बचे। किसी भी चीज का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें, क्योंकि कुछ लड़कियों की स्किन पर इससे रिएक्शन हो सकता हैं।

## हर बॉडी टाइप के लिए परफेक्ट हैं सूट के नेकलाइन डिजाइंस



कुछ नेकलाइन डिजाइन ऐसे होते हैं जो कि हर तरह की पर्सनालिटी पर जंचते हैं, तो आपको सलवार-सूट की कुछ ऐसे ही नेकलाइन पर नजर डालनी चाहिए, जो कि हमेशा ट्रेंड में रहते हैं। साथ ही, आपके ऊपर कौन-सा नेकलाइन डिजाइन बेस्ट रहेगा इसके बारे में भी बताएंगे।



### राउंड नेकलाइन डिजाइन



राउंड या गोल गले का आकार हमेशा से लड़कियों और महिलाओं की पसंद रहा है। यह डिजाइन काफी एलिगेंट लुक देता है। राउंड नेक डिजाइन देखने में भले ही सिंपल लगता है, लेकिन कैरी करने के बाद यह आपके लुक को ग्रेसफुल बना देता है। सूट के अलावा यह डिजाइन ब्लाउज में भी काफी पसंद किया जाता है। राउंड नेकलाइन ऑवरग्लास फिगर वाली लड़कियों पर काफी जंचती हैं। इस नेकलाइन पर आप चोकर नेकलेस पहनकर अपना लुक और भी ज्यादा इन्हेंस कर सकती हैं।

### वी नेकलाइन डिजाइन

यदि आपको अपना लुक स्टाइलिश बनाना है, तो आप वी नेकलाइन को अपने सूट में बनवा सकती हैं। वी नेकलाइन आपके लुक को क्लासी टच देता है। वी नेकलाइन एपल शेप बॉडी वाली लड़कियों और महिलाओं के लिए बेस्ट रहता है। इस बॉडी वाली लड़कियों के शोल्डर चौड़े होने की वजह से वी नेकलाइन काफी रिच लुक देता है। इनके संग आप पेंडेंट नेकपीस पहन सकती हैं।

### हाई नेकलाइन डिजाइन

अपने सलवार-सूट की नेकलाइन को लेकर आप कंफ्यूज हैं, तो हाई नेकलाइन बनवा सकती हैं। यह नेकलाइन डिजाइन काफी डिसेंट लुक देता है। इसको आप ऑफिस के अलावा ऑफिशियल मीटिंग में भी पहन सकती हैं। खासकर लड़कियों को हाई नेकलाइन डिजाइन काफी पसंद आता है। इस डिजाइन की खास बात यह होती है कि इसके संग आपको किसी भी तरह का नेकपीस पहनने की जरूरत नहीं होती है। आजकल मार्केट में हाई नेकलाइन वाली कुर्तियां काफी बिक रही हैं।हाईनेकलाइनपियर शेप बॉडी पर परफेक्ट लुक देता है।

## फटी एड़ियों के लिए सिर्फ ग्लिसरीन नहीं



बार-बार पैर पानी में पड़ने के कारण या हवा की नमी के कारण त्वचा बेजान हो जाती है। इसके कारण एड़ियां फटने लगती हैं। जरूरी नहीं कि एड़ी सिर्फ सर्दियों में फटने लगे, ये मानसून में भी फट सकती हैं। धूल-मिट्टी के कारण त्वचा का ड्राई होना आम बात है। हो सकता है कि आपको फटी एड़ियों से ज्यादा दिक्कत न हो, लेकिन एक समय बाद यह समस्या गंभीर हो सकती हैं।

बाजार में फटी एड़ियों को ठीक करने के दावे वाली कई क्रीम आपको मिल सकती हैं, लेकिन वो हर बार काम करें ऐसा जरूरी नहीं है। मेरे पास आपकी फटी एड़ियों के लिए एक कारगार उपाय है। जी हां, आप बस दो चीजों को मिलाकर अपने पैरों को कोमल बनाने में कामयाब हो सकती हैं। आपको बस ग्लिसरीन और वैक्स की जरूरत होगी। इन चीजों को मिलाकर लगाने से त्वचा मॉइश्चराइज होगी और फटी एड़ियों को आराम मिलेगा।

### क्या है फटी एड़ियों को ठीक करने का आसान से नुस्खा?

पैरों को सॉफ्ट बनाने के लिए जिस नुस्खे की मैं बात कर रही हूं, वो ग्लिसरीन और मोम का नुस्खा है। ये दोनों ही इंग्रीडिएंट्स अपने मॉइश्चरजिंग गुणों के लिए जाने जाते हैं। जब इन्हें एक साथ मिलाया जाता है, तो ये रूखी त्वचा के लिए एक शक्तिशाली उपचार बन जाते हैं।

ग्लिसरीन एक हमक्टेंट है, यह नमी को त्वचा में सील कर देता है, जिससे त्वचा हाइड्रेटेड और मुलायम रहती है। दूसरी ओर, पैराफिन मोम त्वचा पर एक प्रोटेक्टिव लेयर बनाती है, जो नमी को बाहर निकलने से रोकती है और एड़ियों को मॉइश्चराइज करती है। इससे ड्राई त्वचा को गहराई से पोषण मिलता है। एड़ी की दरारें भरने लगती हैं और एड़ियां धीरे-धीरे कोमल हो जाती हैं। फटी एड़ियों के लिए ग्लिसरीन और मोम का उपयोग करने के कई तरीके हैं। आप इसे मिलाकर मास्क की तरह पैरों में लगा सकती हैं।

## किसी भी आउटफिट के साथ शामिल करें खास फुटवियर

अगर आप भी सावन के महीने में अपने लुक को डिफरेंट और यूनिक बनाना चाहती हैं, तो अब आप अपने किसी भी आउटफिट के साथ इन खूबसूरत फुटवियर को शामिल कर सकती हैं। सावन के महीने में अगर आप भी अपने लुक को डिफरेंट और यूनिक पाना चाहती हैं, तो अब आप अपने किसी भी आउटफिट के साथ इन खूबसूरत फुटवियर को शामिल कर सकती हैं। ऐसे फुटवियर न सिर्फ आपके पैरों की खूबसूरती को बढ़ाएंगे, बल्कि आपको एलिगेंट टच देने में भी बहुत मदद करेंगे।

### कैजुअल स्लिप फुटवियर

कुछ दिनों में सावन का महीना शुरू होने वाला है और इस महीने में अधिकतर महिलाएं शिवालय जाकर भगवान शिव की पूजा आराधना करती हैं। अगर आप भी इस दौरान अपने लुक को डिफरेंट बनाना चाहती हैं, तो अपने एथनिक आउटफिट के साथ इस खूबसूरत कैजुअल स्लिप फुटवियर को शामिल कर सकती हैं। खास मौके पर पहनकर आप लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच सकती हैं।



### ग्रीन कैजुअल स्लीपर फुटवियर

अगर आप सावन के महीने में साड़ी पहनने वाली है, तो अपने साड़ी लुक को डिफरेंट और गॉर्जियस बनाने के लिए आप साड़ी के साथ इस खूबसूरत ग्रीन कैजुअल स्लीपर फुटवियर को शामिल कर सकती हैं। यह आपके लुक को गॉर्जियस बनाने के साथ आपके पैरों की खूबसूरती में भी चार चांद लगा देंगे।

### ब्लू एथनिक स्लिप फुटवियर

सावन के महीने में अगर आप साड़ी, ट्रेडिशनल या एथनिक आउटफिट पहनने का सोच रही है, तो किसी भी आउटफिट के साथ आप इस खूबसूरत ब्लू एथनिक स्लिप फुटवियर को शामिल कर सकती हैं। ऐसे आउटफिट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएंगे।

### कार्नर न्यूज

#### बालों को लेकर भले ही समस्या एक सी हो, लेकिन उपाय होंगे अलग

## पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग हैं हेयर केयर, इसलिए देखभाल करने का अंदाज है जुदा

हम सभी जीवन भर यही सुनते हुए बड़े हुए हैं और कभी-कभी हमें एहसास होता है कि ये कितना सच है। पुरुषों और महिलाओं को अलग तरह से बनाया गया है और यह स्वाभाविक है कि हमारे सिस्टम भी अलग तरह से बनाए गए हैं। जबकि पुरुष और महिला दोनों अपने जीवन के किसी न किसी समय में बालों के झड़ने का अनुभव करते हैं, पुरुष महिलाओं की तुलना में कहीं पहले गंजे होने लगते हैं। यहां कुछ कारण बताए गए हैं कि पुरुषों और महिलाओं दोनों में ऐसा अलग-अलग क्यों होता है।

### जेनेटिक परिस्थितियों के कारण

एंड्रोजेनिक एलोपेशिया, जिसे पैटर्न बाल्डनेस भी कहा जाता है, पुरुषों में बालों के झड़ने का सबसे आम कारण है। 50 वर्ष से अधिक आयु के 50% से अधिक पुरुष एमपीबी या मेल पैटर्न बाल्डनेस से प्रभावित होते हैं, जबकि केवल 30% महिलाओं को इस समस्या का सामना करना पड़ता है, ज्यादातर जब वे अपने 70 की उम्र के दशक तक पहुंचती हैं। हालांकि, ये एक आनुवंशिक स्थिति है और इसे आसानी से उलटा नहीं जा सकता है।



### हार्मोन

जब हमारे बालों के स्वास्थ्य की बात आती है तो मेल हार्मोन, टेस्टोस्टेरोन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टेस्टोस्टेरोन में डायहाइड्रोटेस्टोस्टेरोन या डीएचटी नामक एक बाय-प्रोडक्ट होता है जो महत्वपूर्ण है लेकिन ये बालों के रोम में रक्त की आपूर्ति को भी रोकता है। महिलाओं के विपरीत, पुरुष इस हार्मोन का उत्पादन अपनी पूरी जिंदगी करते रहते हैं।

महिलाओं को भी बालों की कई समस्याओं का अनुभव होता है जो पुरुषों से अलग होती हैं। महिलाओं में हेयर फॉल को बढ़ाने वाले कुछ फैक्टर्स में हार्मोनल परिवर्तन शामिल हैं, खासकर गर्भावस्था या रजोनिवृत्ति के दौरान, और तनाव भी एक बड़ा फैक्टर है।

हालांकि, पुरुषों में बालों के झड़ने की जटिलता महिलाओं की तुलना में बहुत अधिक होती है।पुरुषों और महिलाओं के लिए हेयर फॉलिकल डेंसिटी या एचएफडी अलग होती है। ये पुरुषों में काफी कम होती है। इसका मतलब है कि महिलाओं के स्कैल्प में बालों के रोम की संख्या प्रति सेंटीमीटर अधिक होती है जो बालों की हेल्दी ग्रोथ को स्टिम्युलेट करती है और बालों के झड़ने को रोकती है।यही कारण है कि पुरुषों के बाल झड़ते हैं, जबकि महिलाओं को पतले होने का अनुभव होता है।

समस्या चाहे कैसी भी हो, समाधान हमेशा होता है। तो, बालों के झड़ने को रोकने के लिए आप क्या कर सकते हैं? यहां कुछ सरल चीजें हैं जो काम आ सकती हैं!

अपने बालों को हफ्ते में 3-4 बार किसी जेंटल शैम्पू से धोने से आपके स्कैल्प को साफ रखने में मदद मिलती है। पसीना, धूल और जमी हुई अशुद्धियां रोम छिद्रों को बंद कर सकती है, जो बालों के झड़ने का कारण बन सकती है।

अपने बालों में नियमित रूप से तेल लगाएं। तेल लगाने से बालों का रूखापन कम होता है और सिर की त्वचा हाइड्रेट होती है। यह आपके बालों के रोम की रक्षा करता है और स्वस्थ बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देता है। अपने गीले बालों को कभी भी ब्रश न करें। गीले होने पर आपके बाल सबसे कमजोर होते हैं और आसानी से टूट जाते हैं। हर 15 दिनों में एक बार बालों की मालिश करने से रक्त प्रवाह बढ़ता है और बदले में बालों की ग्रोथ को बढ़ावा मिलता है। अपने बालों पर बहुत अधिक केमिकल्स के प्रयोग से बचें। केमिकल्स का उपयोग बालों को नुकसान पहुंचाता है और समय के साथ बाल झड़ने का कारण बनता है और इससे बचा जाना चाहिए। बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए उन फूड आइटम्स का सेवन करें जो प्रोटीन से भरपूर हों।

